वर्ष : 34 ▸ अंक : 03 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, सोमवार, 10 मार्च 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# भारत बना चैंपियंस ट्रॉफी का नया बादशाह




▸▸ फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से रौंदा

▸▸ 12 साल बाद जीता खिताब

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर तीसरी बार यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीता। भारत ने दुबई में खेले गए सभी मैच जीते और अपराजित रहते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। न्यूजीलैंड ने फाइनल में 251 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

### रोहित और गिल की ठोस शुरुआत, अय्यर और अक्षर ने संभाली पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को रोहित शर्मा (76) और शुभमन गिल (30) ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 105 रन जोड़े। हालांकि, गिल 19वें ओवर में आउट हुए, जिसके बाद विराट कोहली (1) भी जल्द ही पवेलियन लौट गए। रोहित ने 83 गेंदों में 76 रन की लाजवाब पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। उनके आउट होने के बाद श्रेयस अय्यर (48) और अक्षर पटेल (20) ने चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़कर टीम को स्थिरता दी। अंत में रविंद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या ने भारत को जीत दिलाई।

### न्यूजीलैंड की पारी : स्पिनर्स के सामने लड़खड़ाई कीवी टीम

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम ने 7 विकेट पर 251 रन बनाए। डेरिल मिचेल (63) और माइकल ब्रेसवेल (53) ने अर्धशतक जमाए, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया।

### भारत के स्पिनर्स ने शानदार गेंदबाजी की

कुलदीप यादव (2/40) ने पहली ही गेंद पर रचिन रविंद्र (37) को बोल्ड किया और फिर केन विलियमसन को कैच आउट कराया। वरुण चक्रवर्ती (2/45) ने विल यंग (15) और ग्लेन फिलिप्स (30) को आउट किया। अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा ने मिलकर 38 ओवरों में मात्र 144 रन दिए। मोहम्मद शमी और हार्दिक पंड्या ने भी अहम विकेट चटकाए।

### पीएम मोदी ने दी टीम इंडिया को बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत के बाद टीम इंडिया को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम! ICC चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई।"

# आज पेश होगा महा 'बजट'

## • 11वीं बार बजट पेश करेंगे अजित पवार, ऐसा करने वाले बनेंगे दूसरे वित्त मंत्री

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार वित्त एवं योजना मंत्री के तौर पर वर्ष 2025-26 के लिए सोमवार को देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार का पहला बजट पेश करेंगे। यह पहला मौका होगा जब अजित मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार का बजट पेश करेंगे। हालांकि इससे पहले अजित पवार वित्त मंत्री के रूप में 10 बार बजट पेश कर चुके हैं।



### जनता को है ढेरों उम्मीदें

कोविड संकट के दौरान जब कई राज्यों की अर्थव्यवस्था संकट में थी, तब महाराष्ट्र के वित्तीय अनुशासन को बिगड़ने नहीं देने के लिए अजित पवार की केंद्रीय स्तर पर प्रशंसा की गई थी। किसान, मजदूर, महिलाएं, दलित, आदिवासी, छात्र और युवा उनके बजट के केंद्र में रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को 2021 के बजट की घोषणा करते हुए उन्होंने इसे राज्य की महिला शक्ति को समर्पित किया था। 2022 का बजट राष्ट्र रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज के स्मृति दिवस 11 मार्च को पेश किया गया। वे छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता, बलिदान, समर्पण और स्वराज्य के प्रति निष्ठा के प्रति समर्पित थे।

### शेषराव वानखेड़े का तोड़ेंगे रिकॉर्ड

उपमुख्यमंत्री अजित पवार सोमवार को अपना ग्यारहवां बजट पेश करेंगे। इसके साथ ही वह शेषराव वानखेडे (13 बार) के बाद सबसे अधिक बार बजट पेश करने वाले दूसरे वित्त मंत्री बन जाएंगे। उनके बाद जयंत पाटिल (10 बार) और सुशील कुमार शिंदे (9 बार) बजट पेश करने की वजह से तीसरे और चौथे नंबर पर रहेंगे। अजित वित्तीय अनुशासन एवं सख्त प्रशासक के रूप में विख्यात रहे हैं। पिछले वर्ष का चुनाव-पूर्व बजट एक व्यापक, क्रांतिकारी बजट था। उस बजट में जन-हितैषी, लोकप्रिय निर्णयों ने महागठबंधन सरकार को पुन: सत्ता में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कृषि, उद्योग और स्वास्थ्य के लिए हो सकता है खास

उन्होंने कृषि, उद्योग, संचार, स्वास्थ्य और मानव संसाधन विकास के पांच स्तंभों पर आधारित बजट भी पेश किया है।

इसलिए जनता को इस अजित से इस बार भी ढेरों उम्मीदें हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि अजित जनता की नब्ज को समझते हुए एवं बजट में जनोन्मुखी निर्णयों की घोषणा करते समय यह ध्यान में रखेंगे कि राज्य की विकास प्रक्रिया को कोई नुकसान न पहुंचे। वे विकास परियोजनाओं के लिए धन उपलब्ध कराने तथा बुनियादी ढांचे के विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में लगातार सफल होंगे। सोमवार को पेश होने वाले बजट से देखना होगा कि अजित पवार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे या नहीं।

# 4 मजदूरों की मौत

## पानी की टंकी की सफाई के दौरान दम घुटने से हुआ हादसा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नागपाड़ा इलाके में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें पानी की टंकी की सफाई के दौरान दम घुटने से चार मजदूरों की मौत हो गई। पांच मजदूर सफाई के लिए टंकी में उतरे थे, लेकिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। दमकल विभाग की मदद से सभी को बाहर निकाला गया और जेजे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार मजदूरों को मृत घोषित कर दिया।



### हादसे का विवरण

यह घटना नागपाड़ा के डिमटीमकर रोड पर स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। निर्माणाधीन इमारत की पानी की टंकी साफ करने गए पांच मजदूरों को अंदर बेहोशी महसूस हुई और वे गिर पड़े। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और मजदूरों को बाहर निकाला।

### जांच शुरू, लापरवाही की होगी जांच

हादसे के बाद जेजे पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (ADR) दर्ज कर ली गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या मजदूरों को काम पर रखने वालों ने सुरक्षा मानकों का पालन किया था या नहीं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मरने वालों की पहचान

अधिकारियों ने मृतकों की पहचान हसीपाल शेख (19), राजा शेख (20), जियाउल्ला शेख (36) और इमांडू शेख (38) के रूप में की है। वहीं, पुरहान शेख (31) का इलाज जारी है।

## महाराष्ट्र में जीबी सिंड्रोम के 225 केस, 12 की मौत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र में गुलेन बैरी सिंड्रोम (जीबीएस) का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, जीबीएस के 197 मामलों की पुष्टि हुई है और 28 मामले संदिग्ध हैं। अब तक कुल 12 मौतें दर्ज की गईं, जिसमें छह मौतों की पुष्टि जीबीएस से हुई। जबकि छह मौतें संदिग्ध हैं। 24 मरीज इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में भर्ती हैं और 15 वेंटिलेटर पर हैं।

### महाराष्ट्र में कहां कितने मामले सामने आया?

महाराष्ट्र में क्षेत्र वार मरीजों की संख्या की बात करें तो पुणे नगर निगम क्षेत्र से 46, पिंपरी चिंचवाड़ एमसी से 33, पुणे ग्रामीण क्षेत्र से 37, पीएमसी क्षेत्र में नए शामिल गांवों से 95 और अन्य जिलों से 14 मामले सामने आए। स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर नजर बनाते हुए मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया है।

## ठेके में भ्रष्टाचार का आरोप | जांच के आदेश के बावजूद 31.50 करोड़ का भुगतान

▸▸ एकनाथ शिंदे ने दिए थे जांच के आदेश

**मुंबई।** तत्कालीन मुख्यमंत्री और मौजूदा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के सरकारी अनाज गोदामों में डैनेज पैलेट की आपूर्ति के लिए अवैध रूप से ठेका दिए जाने की जांच के आदेश दिए थे, जिस पर तत्कालीन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने एक साल तक कोई कार्रवाई नहीं की थी। अब खबर है कि शिंदे के जांच के आदेश के बावजूद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने डैनेज पैलेट आपूर्ति करने वाली कंपनी श्री बालाजी एंड कंपनी जनरल मटेरियल सप्लायर गोंदिया को 31.50 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि जब मुख्यमंत्री ने इस मामले की जांच के आदेश दिए तो फिर अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आदेश को धता बताते हुए बिल का भुगतान कैसे कर दिया।



### क्या है मामला ?

21 जून 2024 को राज्य सरकार ने गोंदिया की एक फर्म श्री बालाजी एंड कंपनी जनरल मटेरियल सप्लायर को राज्यभर के सरकारी गोदामों में डैनेज पैलेट लगाने का ठेका दिया था। ठेके के मिलने के कुछ दिन बाद ही तत्कालीन सांसद कृपाल तुमाने ने एकनाथ शिंदे से इस ठेके में भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। तुमाने ने इस संबंध में 13 अगस्त 2024 को एक शिकायती पत्र दिया था, जिसमें शिंदे ने इस ठेके की जांच कर उचित कार्रवाई का आदेश तत्कालीन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को दिया था। लेकिन भुजबल ने इस मामले में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जांच का कोई आदेश नहीं दिया। सूत्रों का कहना है कि भुजबल इस मामले के कथित घोटाले की फाइल को एक साल तक दबाकर बैठे रहे। इस मामले की प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले और लोक जागृति मंच के अध्यक्ष देवानंद पवार भी सवाल उठा चुके हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### उज्जैन में आज से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय इतिहास समागम

**उज्जैन।** विक्रमोत्सव-2025 अंतर्गत सोमवार, 10 मार्च को तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय इतिहास समागम का शुभारंभ होगा। प्रातः 10.30 बजे शुरू होने वाले इस समारोह के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालमुकुंद पांडे होंगे। मुख्य अतिथि पुरातत्वविद पद्मश्री केके मोहम्मद तथा सारस्वत अतिथि पद्मश्री डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित रहेंगे। समागम के संयोजक अश्विनी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. आर.सी. ठाकुर, प्रो.प्रशांत पुराणिक एवं वरिष्ठ पुरातत्वविद डॉ. रमण सोलंकी ने बताया कि महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर स्थित पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल में होगा। समारोह में अमेरिका से शोध अध्येता डॉ. श्रैयाहरि तथा नेपाल के राष्ट्रपति के संस्कृति सलाहकार डॉ. लक्ष्मण पंथी भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने विशेष अतिथि मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी, विक्रम विवि कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेशसिंह कुशवाह, इंदिरा गांधी राष्ट्रय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहनलाल चधर, बैंगलोर के डॉ. स्मिथा एस. कुमार रहेंगे। अध्यक्षता विकेम विवि के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज करेंगे।

### जनजातीय संस्कृति में भगोरिया हाट का है विशेष महत्व : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को बड़वानी जिले के पानसेमल के पारंपरिक लोक उत्सव भगोरिया हाट में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनजातीय संस्कृति में भगोरिया का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि हमारे त्यौहार और संस्कृति हमारी परम्परा को दर्शाते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय वेशभूषा पहनकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष रूप से सजी हुई गाड़ी में भगोरिया मेले का आनंद लिया। उन्होंने सभी को भगोरिया एवं होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगोरिये में पानसेमल क्षेत्र की जनजातीय संस्कृति देखने को मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय संस्कृति में भगोरिया हाट का विशेष महत्व है। यह पर्व रबी की फसल कटाई के बाद मनाया जाता है। इसमें ग्रामीण भाई-बहन त्यौहारों के लिए विशेष खरीदी करते है। त्यौहारों में हम एक दूसरे से आपस में मिलकर आपसी वैमनस्य को समाप्त कर भाई-चारा बनाये रखते है। हम सब एक दूसरे से मिलजुलकर हमेशा जुड़े रहे यही हमारे त्यौहारों की विशेषताएं है, इसलिए हमे अपने त्यौहार, अपनी संस्कृति एवं परंपराओं का सम्मान करते हुए इन्हे सहेजना चाहिए।

# 'आप उद्धव ठाकरे हो भी नहीं सकते...'

## देवेंद्र फडणवीस पर क्यों भड़के यूबीटी चीफ

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सियासी रण में एक बार फिर जुबानी जंग छिड़ गई है। शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे के कुछ फैसलों पर रोक लगाने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने कहा था कि वह काम रोकने वाले उद्धव ठाकरे नहीं हैं। इस पर पलटवार करते हुए ठाकरे ने कहा, "2012 और 2017 में हमने मुंबई में 'करके दिखाया' के नारे के साथ जीत हासिल की थी।" ठाकरे ने फडणवीस को याद दिलाते हुए कहा कि कोस्टल रोड और शिवड़ी लिंक रोड का श्रेय शिवसेना को जाता है।



### कोरोना काल में भी नहीं रुका काम: ठाकरे

ठाकरे ने आगे कहा कि कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने मेट्रो, कोस्टल रोड और अस्पतालों में काम जारी रखा। उन्होंने कहा, "मैं आपके मालिकों के दोस्तों की चापलूसी नहीं करता, इसलिए मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं आप उद्धव ठाकरे नहीं हैं और कभी बन भी नहीं सकते।" ठाकरे ने इस लड़ाई को सिर्फ राजनीतिक लड़ाई नहीं बल्कि मातृभाषा और महाराष्ट्र की अस्मिता की लड़ाई बताया। इससे पहले, एकनाथ शिंदे के कार्यकाल के कुछ फैसलों की जांच की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए,

फडणवीस ने कहा था कि वह काम रोकने वाले व्यक्ति नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिंदे के कार्यकाल में लिए गए फैसलों की जिम्मेदारी सिर्फ शिंदे की नहीं, बल्कि उनकी और अजित पवार की भी है।

### क्या कहा था फडणवीस ने?

गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यकाल के कुछ फैसलों को रोकने और उनके कार्यकाल के कामों की जांच शुरू होने की चर्चा पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक हलकों में है। इस बारे में News18 इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में पूछे गए सवाल पर फडणवीस ने कहा, "पिछले कुछ दिनों से मीडिया की एक पसंदीदा खबर बन गई है। कुछ भी हो तो मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे के कामों को रोक दिया। पहले यह समझना चाहिए कि कामों को रोकने के लिए मैं उद्धव ठाकरे नहीं हूं। पहले भी मैंने स्पष्ट किया है कि जो राज्य के हित में है, वह काम शुरू करते समय मैं एकनाथ शिंदे के साथ था, उसके बाद अजित पवार भी आए। इसलिए एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में जो फैसले लिए गए, उनकी जिम्मेदारी सिर्फ एकनाथ शिंदे की नहीं है, बल्कि हमारी तीनों की भी जिम्मेदारी है," देवेंद्र फडणवीस ने कहा।

# एमबीबीएस छात्र से रंगदारी वसूली मामले में तीन लोगों पर मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

दक्षिण मुंबई में स्थित डोंगरी पुलिस ने एमबीबीएस छात्र को धमकाकर रंगदारी वसूलने के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इस मामले की छानबीन पुलिस कर रही है, लेकिन खबर खिले जाने तक बदमाशों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।






इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिसकर्मी ने रविवार को मीडिया को बताया कि सर जेजे अस्पताल के प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्र डोंगरी इलाके में होटल में 5 मार्च को भोजन कर रहे थे। उस समय उनके पास एक व्यक्ति आया और उससे आक्रामक तरीके से पूछताछ करने लगा। 'क्या तुम इस इलाके में नए हो? तुम यहां क्या कर रहे हो? यह हमारा इलाका है, क्या तुम हमें नहीं पहचानते?' जब छात्र ने कहा कि वह उसे नहीं पहचान पाया, तो वह उसे पास की एक गली में ले गया और उनसे बातचीत करने लगा। बाद में उसने अपने दो और दोस्तों को बुलाया और एमबीबीएस छात्र को धमकाया कि वह उसके पास मौजूद सारे पैसे दे दे, नहीं तो वे उसे जान से मार देंगे। जब छात्र ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं, तो उन लोगों ने उसे उसके पिता को फोन करने के लिए कहा, जिन्होंने फोनपे के जरिए 5,000 रुपये भेजने का इंतजाम किया। पैसे का इंतजाम करने के लिए उसने एक दोस्त से 5,000 रुपये उधार भी लिए। आरोपितों ने फिर छात्र से उनके पेमेंट ऐप पर क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा और 10,000 रुपये ट्रांसफर करने के लिए चार ट्रांजेक्शन किए। घटना के बाद छात्र ने डोंगरी पुलिस से संपर्क किया और शिकायत की। उसके बयान के आधार पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 308(3), 308(2) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला दिवस पर सिटी पार्क में विशेष आयोजन

## बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया

दोपहर संवाददाता | कल्याण

कल्याण पश्चिम के सिटी पार्क में, महानगरपालिका द्वारा महिला दिवस का कार्यक्रम बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष महिला दिवस को पारंपरिक तरीके से मनाने के बजाय, महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड की संकल्पना के तहत पुराने और नए का संगम करते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में युवा वर्ग की भारी भीड़ देखने को मिली। महापालिका के चिकित्सा विभाग के वसंत वैली के कर्मचारियों ने झुम्बा और योग का फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। वहीं, खडेगोलवली के चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने नृत्य के माध्यम से स्त्री जीवन के विभिन्न चरणों का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंत में, गोंधळ के माध्यम से स्त्री शक्ति का जागरूकता किया गया। इस अवसर पर पियुष अकादमी और कल्याण मम्मीज ग्रुप ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का सुंदर प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में कल्याण आईएमए की अध्यक्ष डॉ. सुरेखा इटकर और प्रसिद्ध गायनैकॉलॉजिस्ट डॉ. अश्विन कक्कर ने उपस्थित महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में मार्गदर्शन किया और एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व को समझाया। महिलाओं के लिए इस अवसर पर रैंडम शुगर, बोन डेंसिटी, और हिमोग्लोबिन जैसी जांचें निशुल्क उपलब्ध कराई गईं।



### आई और लेक नामक रैंप वॉक का किया गया आयोजन

महिला दिवस के इस कार्यक्रम में पहली बार **आई और लेक** नामक रैंप वॉक का आयोजन किया गया, जिसमें माताओं और बेटियों के रिश्ते की सुंदरता, प्रेम और भावनाओं को अनोखी अभिव्यक्ति दी गई। इस रैंप वॉक में 72 वर्षीय दादी ने भी अपनी पोती के साथ भाग लेकर आदिम स्त्री शक्ति का मनोहारी दर्शन कराया। इस रैंप वॉक में महापालिका की महिला अधिकारियों ने भी भाग लिया, जिसमें शहर अभियंता अनिता परदेशी और महिला एवं बाल कल्याण विभाग की उपायुक्त स्वाती देशपांडे कुलकर्णी शामिल थीं। महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड ने अपनी छोटी बेटी और सास के साथ रैंप वॉक का आनंद लिया।

### आई और लेक नामक रैंप वॉक का किया गया आयोजन

महानगरपालिका क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का समापन महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं की भारी संख्या ने भाग लिया और कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल पर निशुल्क नेल आर्ट और मेहंदी के स्टॉल्स पर भी युवाओं की भीड़ देखी गई। कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका और सिटी पार्क प्रबंधन के विजय इंगळे के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन लीना शेटे ने किया, जबकि रैंप वॉक का आयोजन डॉ. अर्चना सोमाणी ने किया।



# मध्य रेल द्वारा 34 अतिरिक्त होली विशेष ट्रेन सेवा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल अपने प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त 34 होली विशेष ट्रेन सेवाएं चलाएगा। इन विशेष ट्रेन सेवाओं का उद्देश्य होली के त्यौहार पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है। विशेष ट्रेन सेवाएं निम्न स्टेशनों के बीच चलेंगी। यह ट्रेने मुंबई - बनारस / मऊ / दानापुर / मडगांव और पुणे - हिसार / दानापुर / मालदा टाउन और कलबुरगि -बेंगलुरु के बीच चलाई जाएंगी।

1) सीएसएमटी- बनारस - सीएसएमटी विशेष (2 सेवा)
01013 विशेष दिनांक 13.03.2025 को 22.30 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और तीसरे दिन 05.30 बजे बनारस पहुंचेगी। 01014 विशेष दिनांक 15.03.2025 को बनारस से 08.00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 13.30 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

2) सीएसएमटी- मऊ- सीएसएमटी विशेष (2 सेवा)
01015 विशेष दिनांक 12.03.2025 को 22.30 बजे सीएसएमटी से रवाना होगी और तीसरे दिन 10.30 बजे मऊ पहुंचेगी। 01016 विशेष दिनांक 14.03.2025 को मऊ से 17.00 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 00.40 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

3) एलटीटी-दानापुर-एलटीटी विशेष (2 सेवा)
01011 विशेष दिनांक 10.03.2025 को 10.30 बजे एलटीटी से रवाना होगी और अगले दिन 18.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01012 विशेष दिनांक 11.03.2025 को दानापुर से 21.30 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.50 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

4) एलटीटी-मडगांव-एलटीटी विशेष (4 सेवा)
01103 विशेष दिनांक 17.03.2025 और 24.03.2025 को एलटीटी से 08.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 21.40 बजे मडगांव पहुंचेगी। 01104 विशेष दिनांक 16.03.2025 और 23.03.2025 को मडगांव से 16.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 06.25 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

5) पनवेल-मडगांव विशेष (4 सेवा)
01101 विशेष दिनांक 15.03.2025 और 22.03.2025 को 18.20 बजे पनवेल से रवाना होगी और अगले दिन 06.45 बजे मडगांव पहुंचेगी। 01102 विशेष दिनांक 15.03.2025 और 22.03.2025 को मडगांव से 08.00 बजे रवाना होगी और उसी दिन 17.30 बजे पनवेल पहुंचेगी।

6) पनवेल- चिपलून अनारक्षित विशेष (8 सेवा)
01017 अनारक्षित विशेष दिनांक 13.03.2025 से 16.03.2025 तक पनवेल से 21.10 बजे रवाना होगी और अगले दिन 02.00 बजे चिपलून पहुंचेगी। 01018 अनारक्षित विशेष दिनांक 13.03.2025 से 16.03.2025 तक चिपलून से 15.25 बजे रवाना होगी और उसी दिन 20.45 बजे पनवेल पहुंचेगी।

7) पुणे-दानापुर-पुणे विशेष (2 सेवा)
01419 विशेष दिनांक 11.03.2025 को पुणे से 19:55 बजे रवाना होगी और तीसरे दिन 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01420 विशेष दिनांक 13.03.2025 को दानापुर से 06:30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 17:35 बजे पुणे पहुंचेगी।

8) पुणे – मालदा टाउन विशेष (2 सेवा)
03426 विशेष दिनांक 23.03.2025 को 22.00 बजे पुणे से रवाना होगी और तीसरे दिन 16.30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी।03425 विशेष दिनांक 21.03.2025 को 17.30 बजे मालदा टाउन से रवाना होगी और तीसरे दिन 11.35 बजे पुणे पहुंचेगी।

9) हडपसर-हिसार विशेष (4 सेवा)
04726 विशेष दिनांक 10.03.2025 और 17.03.2025 को 17.00 बजे हडपसर से रवाना होगी और अगले दिन 22.25 बजे हिसार पहुंचेगी।04725 विशेष दिनांक 09.03.2025 और 16.03.2025 को 05.50 बजे हिसार से रवाना होगी और अगले दिन 10.45 बजे हडपसर पहुंचेगी।

## स्वच्छ भारत मिशन

# कल्याण को मिले आधुनिक स्मार्ट शौचालय



दोपहर संवाददाता | कल्याण

महिला दिवस के अवसर पर कल्याण में तीन आधुनिक स्मार्ट शौचालयों का लोकार्पण महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु राणी जाखड के हाथों किया गया। ये शौचालय मुंबई विश्वविद्यालय उपकेंद्र, आधारवाडी STP और रानी लक्ष्मीबाई उद्यान के पास बनाए गए हैं। स्मार्ट तकनीक से लैस इन शौचालयों में ऑटोमेटेड वॉश बेसिन, हैंड ड्रायर, सैनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन, फ्लशिंग और फ्लोर वॉश सिस्टम जैसी सुविधाएं दी गई हैं। इनमें दिव्यांगों, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। महापालिका आयुक्त ने बताया कि महिलाओं की स्वच्छता और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ये शौचालय समर्पित किए गए हैं। इस अवसर पर महापालिका के वरिष्ठ अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सोमवार से शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण की शुरुआत हो रही है। महापालिका ने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं से स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की है।

# पेट ऑक्सफोर्ड स्कूल में उड़ान महोत्सव का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 3 पंजाबी कॉलोनी में स्थित पेट ऑक्सफोर्ड स्कूल में दो दिवसीय (8 मार्च और 9 मार्च) उड़ान फेस्टिवल का आयोजन बड़ी ही सादगी के साथ मनाया गया। पेट ऑक्सफोर्ड स्कूल उड़ान फेस्टिवल 2025 में स्कूल के बच्चों ने भाग लिया और अपने तरफ से कई प्रोजेक्ट बनाएं। छात्र-छात्राओं के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट ने अभिभावकों का मनमोहन लिया और प्रोजेक्ट को देखने के लिए अभिभावकों का ताता लगा रहा। स्कूल में प्रयागराज के महाकुंभ की झांकी भी बनाई गई, जिसमें साधु संत और तमाम लोगों को गंगा संगम स्नान करते हुए दिखाया गया। यह झांकी लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी और लोग इस झांकी की तारीफ कर रहे थे। इसके बाद भगवान झूलेलाल की प्रतिमा बनाई गई। यह झांकी भी अपने आप में आकर्षण का केंद्र बनी रही। कक्षा 9 वी के छात्रों द्वारा रोबोटिक जॉव बनाया गया जो अभिभावकों को अपनी तरफ आकर्षित कर रही थी। इसके अलावा छात्र-छात्राओं द्वारा अन्य कई प्रकार के प्रोजेक्ट तैयार किए गए और लोगों को दिखाए गए इन प्रोजेक्ट को भी लोगों ने खूब पसंद किया। पेट ऑक्सफोर्ड स्कूल के प्रिंसिपल विजय माखिजा ने कहां की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पेट ऑक्सफ़ोर्ड स्कूल में दो दिवसीय उड़ान फेस्टिवल का आयोजन किया गया, जो बहुत ही अच्छी तरह से सफल हुआ है। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट को देखकर अभिभावक भी खुश हैं। इससे बच्चों का मानसिक विकास होगा और वह आगे भविष्य में कुछ करके दिखाएंगे। उड़ान फेस्टिवल को सफल बनाने में पेट ऑक्सफोर्ड के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने कड़ी मेहनत की है जो अपने आप में एक काबिले तारीफ है और दो दिवसीय उड़ान फेस्टिवल पेट ऑक्सफोर्ड स्कूल में बहुत ही अच्छी तरीके से संपन्न हुआ।




# गोरेगांव फिल्म सिटी के पास लगी भीषण आग

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

गोरेगांव पूर्व के फिल्म सिटी रोड पर स्थित वाघेश्वरी मंदिर के पास झोपड़पट्टी में रविवार शाम को आग लग गई। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम को लगभग 7 बजे आग लगी। आग ने कुछ दुकानों और झोपड़ों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर मौके पर दमकल की गाड़ियां, स्थानीय पुलिस, एंबुलेंस, मनपा और अदानी कंपनी के बिजली कर्मी पहुंचे. राहत व बचाव कार्य देर शाम तक जारी रहा। इससे पहले 20 फरवरी को फिल्म सिटी के प्रवेशद्वार पर बनी झुग्गियों में आग लगी थी। उस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ था। लेकिन फिल्म सिटी की सुरक्षा पर सवाल उठे थे। वहां से अतिक्रमण हटाने की मांग उठी थी। फिल्म सिटी प्रबंधन ने अपनी जमीन का सर्वे करा, उसकी घेराबंदी करने का निर्णय लिया है।

## ठाणे में नववर्ष स्वागत यात्रा

# नागरिकों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील



डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे महानगरपालिका और श्रीकौपिनेश्वर सांस्कृतिक न्यास के संयुक्त तत्वावधान में 30 मार्च को भारतीय नववर्ष व गुड़ी पड़वा के अवसर पर भव्य स्वागत यात्रा निकाली जाएगी। पर्यावरण संरक्षण व 'माझी वसुंधरा' अभियान के तहत नागरिकों से ई-प्रतिज्ञा करने की अपील की गई है।

मनपा अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी ने नागरिकों से इस रौप्य महोत्सव में बड़ी संख्या में शामिल होने और शाडू मिट्टी से बनी गणेश मूर्ति के उपयोग को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया है। यात्रा की तैयारियों को लेकर मनपा मुख्यालय में अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनग्रा, उपायुक्त उमेश बिरारी, अन्य विभागीय अधिकारी और कौपिनेश्वर सांस्कृतिक न्यास के पदाधिकारी मौजूद रहे।

यह यात्रा श्रीकौपिनेश्वर मंदिर से शुरू होकर चिंतामणी चौक, दगड़ी शाला, गजानन महाराज मठ, तीन पेट्रोल पंप, हरिनिवास सर्कल, गोखले रोड, राममारुति रोड, जांभली नाका होते हुए समर्थ भांडार गोखले रोड तक निकलेगी। यात्रा के दौरान फूलों की वर्षा भी की जाएगी।

# उद्धव ठाकरे सेना के समूह कलवा प्रमुख बीजेपी में शामिल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



शिवसेना उबाठा समूह के कलवा शाखा प्रमुख ज्ञानेश्वर जामदाड़े सहित कई शिवसेना कार्यकर्ताओं ने अपने कंधों पर भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले के नेतृत्व में कामगार मोर्चा के ठाणे जिला अध्यक्ष राकेश चौघुले ने पार्टी में शामिल होने की दावा किया है।बताया जाता है कि भाजपा के ठाणे संभागीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे और जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की उपस्थिति में उभाठा समूह के शाखा प्रमुख ज्ञानेश्वर भानुदास जामदाड़े और कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए।

इन कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा से ठाणे शहर जिले में नंबर एक पार्टी बनने का संकल्प लेने की भी अपील की। साथ ही, मजदूर मार्च के माध्यम से शहर में मजदूरों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लिया गया।इस अवसर पर पूर्व वरिष्ठ नगरसेवक भरत चव्हाण, जिला महासचिव सचिन पाटिल, समीरा भारती, भाजपा वाईएमसीए के प्रदेश सचिव ओंकार चव्हाण, जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा शहर अध्यक्ष नताशा सोनकर, कोपरी मंडल अध्यक्ष शिवाजी रासकर, गणेश खोपड़े, समाधान सालवी, कोपरी-पचपाखड़ी विधानसभा संयोजक जीतू विश, कामगार मोर्चा उपाध्यक्ष अनिल तुपे, परेश चव्हाण, दीपक कदम, राज भानुशाली, सचिव विकास महाले सहित गणमान्य उपस्थित थे।

# महिला एवं बाल विकास विभाग ने मनाया महिला दिवस

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर जिला परिषद के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत एक अनुकरणीय पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, आशा कार्यकर्ता और विशेष दक्षता हासिल करने वाली एक लड़की को परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे द्वारा सम्मानित किया गया है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की उत्कृष्ट योजना बनाई गई। 8 मार्च 2025 को बी. यह कार्यक्रम जे हाई स्कूल, ठाणे के सभागार में आयोजित किया गया था।

जिला परिषद परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, पर्यवेक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं और महिला कर्मचारियों को सम्मानित करना उनके कार्य की सराहना करने के लिए महत्वपूर्ण है। ठाणे जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या कम करने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, पर्यवेक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं और महिला कर्मचारियों ने बहुत अच्छा काम किया है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और अपने दैनिक कार्यों में वित्तीय स्वतंत्रता के लिए प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. गंगाधर पारगे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारुलता धानके, सामाजिक कार्यकर्ता उज्ज्वला गलांडे, सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी, सम्मानित व्यक्ति और उनके परिवार, जिला परिषद अधिकारी और कर्मचारी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय बागुल ने अपने परिचय में जिला परिषद के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि ठाणे जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या कम करने के लिए आईआईटी बॉम्बे की मदद से और एक सामाजिक संगठन की मदद से बाल्य विदा, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को स्वस्थ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी चार जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तथा होली त्योहार के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना एवं दानापुर तथा अहमदाबाद एवं दानापुर स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर चार जोड़ी स्पेयशल ट्रेनें चलाई जाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

ट्रेन संख्याः 09053/09054 उधना-दानापुर स्पेशल [2 फेरे]
ट्रेन संख्या 09053 उधना-दानापुर स्पेशल सोमवार, 10 मार्च, 2025 को 14.15 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और बुधवार को 00.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09054 दानापुर-उधना स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को दानापुर से 06.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे उधना पहुंचेगी।
यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सयान, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागौर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

ट्रेन संख्याः 09011/09012 उधना-दानापुर स्पेशल [2 फेरे]
ट्रेन संख्या 09011 उधना- दानापुर स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को 11.25 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 1330 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09012 दानापुर- उधना स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को 16.45 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.30 बजे उधना पहुंचेगी।
यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

ट्रेन संख्याः 09021/09022 उधना–दानापुर स्पेशल [2 फेरे]
ट्रेन संख्या 09021 उधना– दानापुर स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को उधना से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 00.45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09022 दानापुर– उधना स्पेशल शुक्रवार, 14 मार्च, 2025 को दानापुर से 06.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 14.30 बजे उधना पहुंचेगी।
यह ट्रेन दोनों दिशाओं में सयान, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागौर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

ट्रेन संख्याः 09407/09408 अहमदाबाद - दानापुर स्पेशल [2 फेरे]
ट्रेन संख्या 09407 अहमदाबाद-दानापुर स्पेशल मंगलवार, 11 मार्च, 2025 को अहमदाबाद से 09.20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 19.00 बजे दानापुर पहुंचेगी।
इसी तरह, ट्रेन संख्या 09408 दानापुर-अहमदाबाद स्पेशल बुधवार, 12 मार्च, 2025 को दानापुर से 22.00 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 10.30 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी।
यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नडियाद, छायापुरी, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

ट्रेन संख्या 09053 की बुकिंग 10 मार्च, 2025 को 08.00 बजे से, जबकि ट्रेन संख्या 09011 एवं 09407 की बुकिंग 10 मार्च, 2025 को 15.00 बजे से शुरू होगी। इसके अलावा, ट्रेन संख्या 09021 की बुकिंग 11 मार्च, 2025 को सुबह 08.00 बजे से सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर शुरू होगी। उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर स्पे.शल ट्रेन के रूप में चलेंगी।

# असली मुद्दों से बहकाने की राजनीति से सावधान रहना जरूरी : राज ठाकरे

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने रविवार को पुणे में कहा कि लोगों को असली मुद्दों से बहकाने की राजनीति से सावधान रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर नफरत भड़काने की कोशिशें चल रही हैं। महाराष्ट्र में राजनीति गड़बड़ा गई है। वोट पाने के लिए एक दूसरे के सिर फोड़े जा रहे हैं।राज ठाकरे रविवार को पुणे के पिंपरी चिंचवड़ में मनसे के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजनीतिक स्तर गिरने पर चिंता जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर हर दिन आग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन मुद्दों को महत्व दिया जा रहा है, जिसका आम व्यक्ति के विकास से कोई लेना देना नहीं है। वोट पाने के लिए आपके सिर फोड़े जा रहे हैं। आग लगाई जा रही है, लेकिन हमारे लोग इसे नहीं समझते। उन्होंने कहा कि सिर्फ वोट के लिए जनता को गुमराह करने के लिए जातिगत मुद्दे उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से आपका गुस्सा भड़काया जा रहा है।

# चलती बस में अश्लील हरकत करने के आरोप में इंजीनियर गिरफ्तार

**पुणे।** पुणे से सातारा जा रही एसटी बस में अश्लील हरकत करने वाले आरोपित को राजगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान उच्च शिक्षित इंजीनियर कमलेश शिरसाठ (41) के रुप में हुई है। इस मामले की छानबीन राजगढ़ पुलिस कर रही है। राजगढ़ पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश गवली ने रविवार को मीडिया को बताया कि आरोपित पुणे से सातारा जा रही एसटी बस में बुधवार को सफर कर रहा था। उसी बस में अचानक आरोपित एक महिला को देखकर अश्लील हरकत करने लगा। आरोपित के इस कृत्य को एक महिला ने अपनी मोबाइल में कैद कर लिया। इसके बाद महिला ने गुरुवार को इस घटना की जानकारी राजगढ़ पुलिस को दी। इसके बाद उस महिला की जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया गया। और सीसीटीवी के माध्यम से आरोपित की छानबीन शुरु की गई। छानबीन में पता चला कि आरोपित कमलेश शिरसाठ पुणे में एक निजी कंपनी में इंजीनियर है।

# वक्फ बिल पर शिवसेना (UBT) का विरोध, सांसद अरविंद सावंत ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

शिवसेना (UBT) के सांसद अरविंद सावंत ने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस बिल के जरिए हिंदू-मुस्लिम विवाद को भड़काना चाहती है और एक खास विमर्श खड़ा करने की कोशिश कर रही है। सावंत, जो पहले इस विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त समिति के सदस्य रह चुके हैं, ने बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल पर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने समिति की कार्यप्रणाली को तानाशाहीपूर्ण बताया और कहा कि विधेयक पर सिलसिलेवार चर्चा नहीं कराई गई।

## सरकार पर लगाए गंभीर आरोप



सावंत ने कहा कि 31 सदस्यीय समिति में 10 विपक्षी सदस्यों को विधेयक पर चर्चा के दौरान हुए हंगामे के बाद निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने इसे सरकार द्वारा जबरन विधेयक पास कराने की कोशिश करार दिया। उन्होंने कहा, सरकार हिंदुओं की रक्षा करने की बात कर रही है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि अन्य धर्मों के खिलाफ नफरत फैलाई जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति करना चाहती है, जबकि पहले मुस्लिम समुदाय के लोगों को ही इसका प्रतिनिधित्व मिलता था।

## विपक्ष करेगा विरोध

सावंत ने साफ कहा कि जब यह विधेयक संसद में पेश होगा, तो विपक्ष इसका पुरजोर विरोध करेगा। उन्होंने सवाल किया कि यदि सरकार समान नागरिक संहिता लागू करने की बात करती है, तो फिर हिंदू मंदिरों की प्रबंध समितियों में भी अन्य धर्मों के लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, रहम ऐसा बर्दाश्त नहीं करेंगे। सावंत ने आरोप लगाया कि सरकार वक्फ संपत्तियों को लेकर भ्रम फैला रही है और हितधारकों के रूप में सिर्फ आरएसएस से जुड़े लोगों को बुलाकर उनका पक्ष लिया गया। उन्होंने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह विधेयक अल्पसंख्यकों के अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश है।

# मिशन 100 की होगी समीक्षा, ऐसा करने वाला पहला राज्य बना महाराष्ट्र

### सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दिए निर्देश

**मुंबई।** महायुति सरकार की सत्ता आने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए सभी विभागों को 100 दिन के काम का रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया है। सभी विभागों के कामों की समीक्षा की जा रही है। इसके 15 अप्रैल को 100 दिन पूरे हो जाएंगे।

पंद्रह दिनों के बाद हर विभाग का मूल्यांकन क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि महाराष्ट्र इस तरह का थर्ड पार्टी मूल्यांकन कराने वाला देश का पहला राज्य है। जिन विभागों का मूल्यांकन 50 प्रतिशत से कम होगा, उन्हें निगेटिव मार्किंग दी जाएगी।

## एक पखवाड़े बाद हर विभाग का मूल्यांकन

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि आगामी 15 अप्रैल को मिशन हंड्रेड डेज पूरा हो जाएगा। पंद्रह दिनों के बाद क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्यूसीआई) हर विभाग का मूल्यांकन करेगी।

## 100 दिवसीय रोडमैप मिशन शुरू



मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विभागों को 1 मई को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता ने हम पर विश्वास जताया है, इसलिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम उन्हें उनकी उम्मीदों के अनुसार रिजल्ट दें। प्रशासन के प्रत्येक विभाग को 100 दिवसीय रोडमैप मिशन शुरू करने को कहा गया है। इसकी निरंतर समीक्षा की जा रही है। इस मिशन 100 के माध्यम से एक नई कार्य संस्कृति लाने का प्रयास किया जा रही है। तहसील स्तर पर भी सरकारी कार्यालयों को सात कार्य बिंदु दिए गए हैं। इसमें रिकॉर्ड रखने से लेकर कार्य पूरा करने तक का ब्यौरा शामिल है। कुछ विभागों ने अपने लक्ष्य को बहुत अच्छी तरह हासिल कर लिया है।

# सीएम ने किया 'एआई अनज़िप्ड' किताब का विमोचन



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

'एआई अनज़िप्ड' किताब के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग दैनिक कार्यों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। यह पुस्तक आधुनिक एआई तकनीकों, छात्रों, छात्राओं और दैनिक कार्यों में एआई के उपयोग के तरीकों को समझाने में सहायक होगी, ऐसा मत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने व्यक्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के हाथों 'एआई अनज़िप्ड' पुस्तक का विमोचन सह्याद्री अतिथिगृह में किया गया। यह पुस्तक रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. डॉ. अपूर्वा पालकर द्वारा लिखी गई है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, प्रकाशक मंदार जोगलेकर, डॉ. अमित जाधव, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेंद्र तलवारे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

'एआई अनज़िप्ड' पुस्तक में एआई के माध्यम से कार्यक्षमता बढ़ाने, कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नवीनतम तकनीकों, उद्योग, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा आदि क्षेत्रों में एआई के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई है। साथ ही, इसमें 500 से अधिक ओपन-सोर्स टूल्स और प्रोग्राम्स की जानकारी शामिल है, जिससे महिलाओं, छात्रों और आम नागरिकों को एआई अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

## 10,000 छात्राओं और महिलाओं को एआई प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस पुस्तक के लेखन के लिए डॉ. अपूर्वा पालकर को बधाई दी और रतन टाटा महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय द्वारा "Code Without Barriers" और "AI Initiative with Microsoft" जैसे कार्यक्रमों की सराहना की, जिनमें 10,000 छात्राओं और महिलाओं को एआई प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने भी इस पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह महिलाओं, छात्रों, नवोद्यमियों और शोधकर्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. अपूर्वा पालकर महाराष्ट्र राज्य कौशल विश्वविद्यालय (MSSU) की संस्थापक कुलपति हैं। उन्हें उच्च शिक्षा में 28 वर्षों से अधिक का अकादमिक अनुभव है और वे एक संस्थान निर्माता रही हैं। MSSU में शामिल होने से पहले उन्होंने चार वर्षों तक सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में निदेशक नवाचार, ऊष्मायन और लिंकेज के रूप में काम किया और स्टार्ट-अप और उद्यमिता के क्षेत्र में अग्रणी कार्य किया है।

# संकट में पड़ी धनंजय मुंडे की विधायकी!

### काल बने सुरेश धस

### 200 करोड़ के घोटालों पर बनाई लंबी लिस्ट

**मुंबई।** मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद भी राकां (अजित गुट) के नेता धनंजय मुंडे की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं। कृषि विभाग में हुए लगभग 200 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर भाजपा विधायक सुरेश धस उनके खिलाफ ईडी में शिकायत दर्ज कराने वाले हैं। सरपंच संतोष देशमुख की हत्या की तस्वीरें वायरल होने के बाद 4 मार्च को धनंजय ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन उनकी मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। कुछ दिन पहले भाजपा विधायक धस ने आरोप लगाया था कि मुंडे के आशीर्वाद से कृषि विभाग में 200 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। उन्होंने कुछ सबूत भी सौंपे थे। अब इस मामले को लेकर मुंडे के खिलाफ धस ने ईडी से लिखित शिकायत करने की जानकारी दी है। वे इस संबंध में ईडी को पत्र लिखेंगे और सबूत भी सौंपेंगे।



## धनंजय मुंडे की बढ़ती मुश्किलें

बता दें कि बीड जिले में संतोष देशमुख हत्याकांड के बाद से धनंजय मुंडे की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। इस मामले में पहले ही मुंडे अपना मंत्री पद गंवा चुके है। इसके अलावा वे घरेलू मामलों में अपनी पहली पत्नी के साथ चल रहे केस में भी मुश्किलों में फंसे थे और अब सुरेश धस भी उनकी बड़ी पोल खोलने जा रहे है, जो कि अब उनकी विधायकी पर सीधा निशाना होगा।

## सुरेश धस ने किया बड़ा दावा

धस ने दावा किया था कि तत्कालीन कृषि मंत्री धनंजय मुंडे और वाल्मिक कराड ने कृषि विभाग में 200 करोड़ रुपये की हेराफेरी की है। नैनो यूरिया में 21.26 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। 'डीएपी' से 56 करोड़ 76 लाख रुपये, बैटरियों से 45 करोड़ 53 लाख रुपये, कपास के 577 बोरों के प्रति बैग से 1250 रुपये लिए गए हैं। धनंजय मुंडे और उनकी टीम ने 180 करोड़ 83 लाख रुपये का भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने मुंडे के कार्यकाल में हुए इस मामले की एसआईटी जांच कराने की मांग की थी। सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया भी कृषि विभाग में घोटाले का आरोप लगा चुकी हैं और मुंडे के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# गैस पाइपलाइन में लीकेज से लगी आग

## रिक्शा-कार-बाइक जलकर राख, 3 लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में देर रात मरोल इलाके में गैस पाइपलाइन में लीकेज के कारण आग लग गई। इस आग में एक कार, रिक्शा और बाइक जलकर राख हो गई। यह आग इतनी भयावह थी कि इस घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। एडीएफओ एसके सावंत ने बताया, "हमें रात करीब 12:30 बजे आग लगने की सूचना मिली। घटना उस जगह हुई जहां बीएमसी का काम चल रहा था। हमें पहली सूचना मिली है कि तीन लोग घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए भेजा गया है।"

मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय करीब साढ़े 12 बजे शेरे पंजाब जंक्शन के पास सड़क का काम चल रहा था, तभी जेसीबी की चपेट में आने से बड़ी गैस पाइपलाइन फट गई। जैसे ही गैस पाइपलाइन फटी है उसमें भीषण आग लग गई। इसी आग की चपेट में वहां से गुजर रही तीन कार आग की चपेट में आ गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची और आग को काबू करने की कोशिश की।



## आग में झुलसे 3 लोग

दमकल विभाग ने आधे घंटे के अंदर आग पर काबू पा लिया। फिलहाल, एमआईडीसी पुलिस सड़ककर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच कर रही है। आग की इस घटना में तीन लोग झुलस गए है। आग में अरविंद कुमार कैथल (21) 30 से 40 प्रतिशत बर्न इंज्यूरी, अमन हरिशंकर सरोज (22) 40 से 50 प्रतिशत बर्न इंज्यूरी और सुरेश कैलास गुप्ता (52) ऑटोरिक्शा ड्राइवर इस घटना में 20 प्रतिशत तक जल गए।

## कैसे लगी आग?

एडीएफओ एसके सावंत के मुताबिक घटना की जगह पर बीएमसी का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य दौरान पीएनजी गैस पाइपलाइन जेसीबी के कारण डैमेज होने के बाद गैस लीकेज की घटना सामने आई और अचानक आग लग गई। इस घटना में मौके पर मौजूद कार, रिक्शा और बाइक जलकर राख हो गई।

# CM फडणवीस ने महिला पत्रकारों से किया संवाद



**मुंबई।** महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार सख्त कानून बना रही है। कानून के क्रियान्वयन के साथ-साथ समाज में महिलाओं के प्रति मानसिकता में बदलाव आना भी जरूरी है। महिलाओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। राज्य सरकार सोशल मीडिया पर मॉर्फिंग और डीपफेक वीडियो के माध्यम से होने वाले कदाचार को रोकने के लिए साइबर तकनीक की सहायता लेते हुए ऐसे अपराधों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। महिला दिवस के मौके पर महिला पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आश्वासन दिया कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महिला पत्रकारों को शुभकामनाएं दीं और सह्याद्री गेस्ट हाउस में उनके साथ बातचीत करते हुए महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के सामने आने वाली कठिनाइयों, उनकी सुरक्षा से संबंधित मुद्दों और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से की जा रही पहल पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस अवसर पर अपील की कि सभी को समाज की मानसिकता को बदलने और पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता स्थापित करने के कार्य में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर राज्य मंत्री पंकज भोयर भी उपस्थित थे।

मीडिया क्षेत्र में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "महिलाओं को मल्टीटास्किंग कार्य करते समय अनेक जिम्मेदारियां निभानी पड़ती हैं। मीडिया क्षेत्र में महिलाओं को 24 घंटे सतर्क रहना पड़ता है। व्यवसाय, घर और सामाजिक जिम्मेदारियों को संभालते हुए महिलाओं को हर स्तर पर अनेक संघर्षों का सामना करना पड़ता है।"महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार की ओर से विभिन्न क्लस्टर्स में महिला उद्यमियों को विशेष अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी के साथ मायक्रोसॉफ्ट की सहायता से 10 हजार महिलाओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) क्षेत्र में प्रशिक्षित करने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

# भारत विरोधी नारा विवाद: परिवार का दावा- बेटे को फंसाया गया

**सिंधुदुर्ग।** सिंधुदुर्ग जिले में देश विरोधी नारे लगाने के आरोप में गिरफ्तार हुए 15 वर्षीय लड़के और उसके परिवार ने अब सफाई दी है। परिवार का कहना है कि उनका बेटा क्रिकेट नहीं देखता, न ही उसे इस खेल में कोई रुचि है। वह एक मदरसे में पढ़ाई करता है और इस मामले में उसे फंसाया गया है।

23 फरवरी को मालवन के तारकर्ली रोड इलाके में लड़के, उसके पिता (जो कबाड़ का व्यवसाय करते हैं) और उसकी मां के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। आरोप था कि भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के दौरान लड़के ने 'देश विरोधी नारे' लगाए थे। शिकायत के बाद लड़के के माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि लड़के को बाल न्याय बोर्ड के सामने पेश किया गया।

लड़के और उसके परिवार का कहना है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर उसे फंसाया। लड़के ने बताया कि वह मस्जिद में रात की नमाज पढ़ने के बाद घर लौट रहा था, तभी एक व्यक्ति ने उसका नाम पूछकर रोक लिया। डर के कारण लड़के ने गलत नाम बताया, लेकिन फिर उस व्यक्ति ने उससे क्रिकेट मैच के बारे में पूछा।

लड़के ने बताया, 'मैंने कहा कि मुझे क्रिकेट में कोई दिलचस्पी नहीं है और मैं मैच नहीं देखता।



फिर उस व्यक्ति ने पूछा कि भारत-पाकिस्तान मैच में मैं किसे चुनूंगा। मैंने कहा - भारत। इसके बाद उस व्यक्ति ने हंगामा किया और मेरे खिलाफ झूठा आरोप लगाया कि मैंने देश विरोधी नारे लगाए हैं।' इसके बाद वहां भीड़ इकट्ठा हो गई, मुझे थप्पड़ मारे गए और मुझे घर तक घसीटकर ले जाया गया।

इस घटना के बाद नगर निगम ने लड़के के परिवार की दुकान और घर को अवैध निर्माण बताते हुए बुलडोजर चला दिया। लड़के के चाचा के गोदाम को भी स्थानीय लोगों की शिकायत पर तोड़ दिया गया, जिससे लाखों रुपये का कबाड़ बर्बाद हो गया।

लड़के के पिता ने कहा, 'हम यहां 20 साल से रह रहे हैं। हम सिर्फ अपने परिवार और काम में लगे रहते हैं। हमें किसी विवाद में पड़ने की आदत नहीं है। लेकिन इस घटना के कारण हमारी पूरी जिंदगी बर्बाद हो गई।'

इस घटना के बाद मालवन के कई गांवों की ग्राम पंचायतों ने फैसला लिया कि बाहरी राज्यों के लोग बिना अनुमति के यहां व्यापार नहीं कर सकेंगे। त्र्यंबक गांव की ग्राम पंचायत ने तो बाकायदा बैनर लगाकर घोषणा कर दी कि बाहरी राज्यों से आए कबाड़ी, सब्जी विक्रेता, फेरीवाले या स्ट्रीट वेंडर बिना अनुमति के व्यापार नहीं कर सकते। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि यह फैसला किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिए लिया गया है।

# महाराष्ट्र में 2030 तक 52 फीसदी ऊर्जा गैर-पारंपरिक स्त्रोतों से उत्पन्न होगी : सीएम फडणवीस

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को नागपुर में कहा 2030 तक महाराष्ट्र में कुल ऊर्जा उत्पादन का 52 फीसदी गैर-पारंपरिक स्त्रोतों से प्राप्त करने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। साथ ही भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नागपुर में सौर ऊर्जा परियोजना के माध्यम से संस्थान की ऊर्जा आवश्यकता पूरी की जाएगी, जिससे यह नेट जीरो लक्ष्य की ओर बढ़ेगा।

नागपुर के मिहान क्षेत्र में स्थित आईआईएम नागपुर में मुख्यमंत्री फडणवीस के हाथों 2 मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा प्रकल्प का भूमिपूजन संपन्न हुआ। मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए ऊर्जा संक्रमण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके तहत पर्यावरण-अनुकूल और प्राकृतिक संसाधनों से ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी दिशा में आईआईएम नागपुर ने सौर ऊर्जा परियोजना शुरू करने का संकल्प लिया है। इस परियोजना की आधारशिला के साथ ही नेट जीरो की दिशा में भी एक मजबूत कदम उठाया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी ऊर्जा संक्रमण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र सरकार गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों से ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने आईआईएम परिसर में गोल्फ अकादमी की कोनशिला का भी अनावरण किया। उन्होंने कहा कि इस गोल्फ अकादमी के कारण संस्थान का परिसर अंतरराष्ट्रीय स्तर का बन गया है।



इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री आशीष जायसवाल, विधायक डॉ. आशीष देशमुख, राज्य विद्युत पारेषण कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार, आईआईएम नागपुर के निदेशक डॉ. भीमराय मैत्री आदि उपस्थित थे।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# असह्य हो चला है भारत का अपमान

दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनकर आये डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले भारत के लिये हानिकारक तो हैं ही, अपमानजनक भी हैं। यह ऐसे वक्त में हो रहा है जब ट्रम्प ने दुनिया भर के खिलाफ़ ट्रेड वार की शुरुआत कर दी है। कारोबारी पृष्ठभूमि से आये ट्रम्प की दिलचस्पी व्यवसायों के बूते दुनिया पर राज करने में है। वे जानते हैं अब विश्व विजेता सैन्य शक्ति के बल पर सम्भव नहीं, न परम्परागत साम्राज्यवादी तरीके से दुनिया मु_ी में की जा सकती है। उनके इन खतरनाक विचारों को दुनिया समझ चुकी है। कुछ देश नयी परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिये खुद को तैयार कर रहे हैं। चीन जैसा देश तो न केवल व्यवसाय के स्तर पर बल्कि ज़रूरत पड़ी तो उससे युद्ध के मैदान में भी दो-दो हाथ करने की तैयारी कर रहा है। बहुत छोटे-छोटे देश भी अपनी सम्प्रभुता व प्रतिष्ठा को बचाने के लिये कृतसंकल्पित हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न तो खुद के सम्मान की चिंता है और न ही देश की प्रतिष्ठा की। इससे उत्साहित ट्रम्प हर रोज़ भारत का अपमान कर रहे हैं। अमेरिकी इरादों से निपटने की यहां कोई तैयारी नहीं दिखती। शुरुआत करें तो ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह से। अमेरिकी राष्ट्रपति के वर्ष 2020 के चुनाव में पद की गरिमा और अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकोल को ताक पर रखकर मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान उनके पक्ष में यह कहकर प्रचार किया था कि 'अब की बार ट्रम्प सरकार'। उसी ट्रम्प ने 2024 का चुनाव जीतने के बाद जब पद सम्हाला तो मोदी को आमंत्रित तक नहीं किया। भारत के दुश्मन देश चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुलाये गये, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर गये और यहां तक कि भारत के सर्वाधिक अमीरों में से एक मुकेश अंबानी सपत्नीक आमंत्रित थे। जयशंकर कई दिनों तक मोदी के लिये आमंत्रण पाने की आस व जुगाड़ में वाशिंगटन डीसी में बैठे रहे फिर भी उन्हें नहीं बुलाया गया। तो भी मोदी ने उन्हें बधाइयां देने के लिये उद्देश्यहीन यात्रा की। ट्रम्प ने द्वीपक्षीय अनुबन्ध के नाम पर अमेरिका से पुराने व पॉयलेटों के लिये खतरनाक हो चुके एफ-35 लड़ाकू विमान तथा महंगी दरों पर प्राकृतिक गैस व तेल खरीदी के लिये उनके दस्तखत ले लिये। इतना ही नहीं, उनके पहुंचने के पहले से लेकर ट्रम्प भारत की आयात-निर्यात नीति की लगातार आलोचना यह कहकर कर रहे थे कि भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जिसका शुल्क सबसे ज्यादा है जिसके चलते भारत के साथ व्यापार मुश्किल है। उन्होंने मोदी की उपस्थिति में साफ कर दिया कि वे 'रेसिप्रोकल नीति' अपनाएंगे। यानी भारत अमेरिकी वस्तुओं पर जितना शुल्क लगायेगा, उतना ही अमेरिका भी भारतीय वस्तुओं पर लगायेगा। इसके विपरीत अब ट्रम्प ने ऐलान कर दिया है कि वे विदेशी वस्तुओं पर 100 फीसदी शुल्क लगाएंगे, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रम्प की इस दादागिरी का जवाब देते हुए चीन ने भी बराबरी का शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है जबकि भारत इसका जवाब कैसे देगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं। व्यवसायिक हलकों में कहा जा रहा है कि इससे भारत के आयात-निर्यात को बड़ा झटका लग सकता है। अपमान की अगली श्रृंखला में ट्रम्प ने कई देशों के अवैध प्रवासियों को वापस भेजने का बीड़ा उठाया। वे उनके बारे में खराब शब्दों का प्रयोग तक करते रहे हैं। कई देशों के लोगों को उन्होंने वापस भेजा लेकिन कोलंबिया, मैक्सिको आदि देशों ने अपने नागरिकों की सम्मानजनक वापसी कराई जबकि भारतीयों को हथकड़ी-जंजीरों में बांधकर भेजा गया। ट्रम्प को इसमें इसलिये कठिनाई नहीं आई क्योंकि स्वयं भारत सरकार ने उसके इस कार्य को जायज ठहराया। ट्रम्प व उनके खास दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी एलन मस्क हर रोज दुनिया भर से अमेरिका आये अवैध प्रवासियों को गालियां देते हैं लेकिन सिर्फ भारतीयों को बेड़ियों में भेजते हैं क्योंकि बाकी देश और उनका नेतृत्व अपने नागरिकों के साथ खड़ा रहता है।

# बुच के जाते ही सेबी में सफाई अभियान शुरू हो



जगदीश रत्तनानी

इस जटिल मामले में कुछ मुद्दे सामने नहीं आते हैं। पहला यह है कि तकनीकी अनुपालन का निम्न मार्ग सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के उच्च मार्ग से बहुत अलग है। भले ही बुच के मामले में बचाव को वैध माना जाए लेकिन बुच-अदानी के उलझाव को भूलकर उनका बचाव सबसे अच्छा यह रहा है कि तकनीकी अनुपालन कैसे हासिल किया गया। तीन वर्ष के कार्यकाल की समाप्ति के बाद माधबी पुरी बुच को सेबी से बाहर निकलने की अनुमति दी गयी है। यह स्वागत योग्य निर्णय है। तीन साल पूर्ण होने के बाद कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है और ऐसा अक्सर हुआ है लेकिन बुच के मामले में समस्याओं के पिटारे पर ढक्कन लगाने का यह एक शालीन तरीका था। यह अलग बात है कि बुच की विदाई का मामला शेयर लिस्टिंग में कथित निष्क्रियता तथा मिलीभगत के एक और विवाद में उलझा हुआ था जो उनके कार्यभार संभालने से पहले का था। उस विवाद से विचलित हुए बिना यह कहा जा सकता है कि भारत की प्रतिभूति बाजार पर निगरानी रखने वाली संस्था की पहली महिला प्रमुख विवाद के बादलों में घिरे होने के साथ सेवानिवृत्त हो रही हैं, जिन्होंने सेबी के भीतर से आलोचना को आमंत्रित किया और जिनके नेतृत्व वाली संस्था की विश्वसनीयता एवं प्रतिष्ठा के बारे में बहुत सारे सवाल छोड़ गईं।

सेबी तभी काम कर सकता है जब उसे स्वतंत्रता और ईमानदारी के साथ काम करने दिया जाए। इस भरोसे के बिना भारत के प्रतिभूति बाजारों के गर्म और अक्सर अस्थिर स्थान को नियंत्रित करने के इसके प्रयासों में दृढ़ विश्वास नहीं हो सकता। इस भरोसे का यह नुकसान इस कार्यकाल की सबसे बड़ी छाप बना रहेगा। जब पहली बार हिंडनबर्ग के आरोपों का झटका सेबी और बुच को लगा तो इस तूफान में फंसी माधबी और उनके पति धवल बुच ने अपनी शैक्षणिक योग्यता दिखाकर औपचारिक स्पष्टीकरण जारी किया था। इसमें बताया गया था कि माधबी आईआईएम अहमदाबाद की पूर्व छात्रा हैं जबकि धवल आईआईटी दिल्ली से स्नातक हैं। जिन आरोपों के बारे में उक्त स्पष्टीकरण जारी किया गया, उन आरोपों के संदर्भ में बुच दम्पति की पढ़ाई-लिखाई को जनता कितना प्रतिष्ठापूर्ण मानती है, यह एक महत्वपूर्ण बात है। हालांकि इसे देखने के कई तरीके हैं। स्पष्ट रूप से हाईलाइट की गई डिग्री जनता से यह पूछने के लिए है कि बताइये कि हमारे जैसे उच्च विद्या विभूषित व्यक्ति को देखने के बाद आपको क्योंकर लगता है कि हमने कुछ गलत किया है? क्या आप जानते हैं कि हम किस वर्ग से आते हैं?... वगैरह।

भारत में कई किस्से-कहानियों व्हाट्सएप के जरिए बेचा जाता है। हाल के वर्षों में इस बात का बाजार किया गया है कि हमारी अर्थव्यवस्था इस समय राजनीतिक व्यवस्था के शीर्ष पर निर्मित कई रंगों, स्वादों और संस्करणों के लिए गर्जना कर रही है, और कुछ कृपापात्र हैं जो एक जैसे सामानों का व्यापार करते हैं। इनमें से कोई भी बुच के बारे में निर्णय पारित करने के लिए नहीं है लेकिन यह एक अंतर्निहित विश्वास प्रतीत होता है कि जो जनता को आकर्षक रैपर में लपेटी हुई वस्तु खरीदने के लिए प्रेरित करने और यहां तक कि जश्न मनाने के लिए भी है। इस जटिल मामले में कुछ मुद्दे सामने नहीं आते हैं। पहला यह है कि तकनीकी अनुपालन का निम्न मार्ग सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी के उच्च मार्ग से बहुत अलग है। भले ही बुच के मामले में बचाव को वैध माना जाए लेकिन बुच-अदानी के उलझाव को भूलकर उनका बचाव सबसे अच्छा यह रहा है कि तकनीकी अनुपालन कैसे हासिल किया गया और उपयुक्त बक्से को कैसे टिक किया गया। सच्चाई जानने के लिए नए सिरे से जांच की आवश्यकता है जैसे कि आईसीआईसीआई बैंक में बुच की पूर्व सहयोगी चंदा कोचर के मामले में वास्तव में जरूरी थी।

चंदा कोचर को पहले कथित अनुपालन के आधार पर क्लीन चिट दी गई थी और फिर भारत के उस समय के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक में गड़बड़ी का खुलासा न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण ने किया था जिसके बाद कोचर को बर्खास्त कर दिया गया था। बुच के मामले में इसी तरह की जांच के बिना, कैसे और क्यों रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट फंड को सेबी द्वारा आक्रामक रूप से बढ़ावा दिया गया, कैसे बुच के पति के नियोक्ता ब्लैकस्टोन ने इनसे लाभ कमाया और क्यों सेबी ने अदानी समूह की जांच नहीं की? यह सब अनुपालन की रिपोर्टों में दबकर रह जाएगा। इसका मतलब यह नहीं है कि बुच द्वारा प्रवर्तित आरईआईटी के माध्यम से आवास बाजारों के वित्तीयकरण की वांछनीयता और समझदारी पर अन्य प्रश्न पूछे जाएं तथा यह भी कि वे संपत्ति बाजार और आम नागरिकों को कैसे प्रभावित करते हैं। सरकार को उम्मीद हो सकती है कि बुच की सेवानिवृत्ति से ये सारे मामले शांत हो जाएंगे लेकिन इस मामले में किसी न किसी दिन पूरी जांच की आवश्यकता होगी। दूसरा यह तर्क है कि निजी क्षेत्र के खिलाड़ी जिन्होंने उच्च वेतन, कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना (इम्प्लाई स्टॉक ओनरशिप प्लॉन- ईएसओपी के तहत कंपनी अपने कर्मचारियों को कंपनी के शेयर देती है। इससे कर्मचारियों को कंपनी में हिस्सेदारी मिलती है) और कंपनी से मिले बोनस पर जीवन व्यतीत किया है, निश्चित रूप से उच्च आय वाले व्यक्ति होंगे तथा उनके निवेश एवं होल्डिंग और जीवन शैली आवश्यक रूप) से उनकी सुपर-रिच स्थिति को प्रतिबिंबित करेंगे। यह सच है कि कुछ भत्ता दिया जाना चाहिए पर यह भी उतना ही सच है कि शक्ति और कनेक्शन नए अवसर बनाते हैं जो जानबूझ कर ओढ़े गए अंधेपन के साथ अच्छी तरह से काम करते हैं। इसके अलावा एक लोकतांत्रिक राष्ट्र को यह भी पूछना चाहिए कि ऐसी पृष्ठभूमि क्या विशिष्ट योग्यता या नियामक अनुभव लाती है? इस सवाल को भारत में बढ़ती प्रवृत्ति के खिलाफ तौलना होगा जो सत्ता के लीवर को अति-धनी और जुड़े हुए लोगों को सौंपने के लिए है, लगभग एक नियंत्रित क्लब गठित करता है जो एक ही थैली के चट्टे- बट्टे हैं। यह नए भारत में प्रतिभा के आधार पर काम करने वाली योग्यता (मेरिटॉक्रसी) के बजाय एक धनिकतंत्र (प्लूटोक्रेसी) है। इन तथाकथित स्टार कलाकारों की सही कीमत और उनके योगदान का वास्तविक मूल्यांकन अपने आप में एक अलग चर्चा का विषय है।

जीवन मंत्र

# अनवरत काम करते रहें, सफलता अवश्य मिलेगी

एक बार शहर से कुछ लड़के गांव में घूमने आए। जब उन्होंने बारिश वाले बाबा के बारे में सुना, तो उन्हें यकीन नहीं हुआ। उन्होंने गांव वालों से कहा कि अगर साधु बाबा के नाचने से बारिश हो सकती है, तो हमारे नाचने से भी हो सकती है।

एक गांव में सूखा पड़ा था। बारिश न होने के कारण फसलें सूखने लगीं थीं। गांव वाले परेशान हो गए। उन्हें लगने लगा कि इस साल पूरी फसल बर्बाद हो जायेगी। एक दिन गांव में एक साधु आया और मस्त होकर नाचने लगा। गांव में जो भी उसे देखता, पागल समझता। धीरे धीरे पूरे गांव में उस पागल साधु की खबर फैल गई। लोग उसके आसपास इक_ा हो गए और उसका मज़ाक भी उड़ाने लगे। तभी अचानक बादल घुमड़ने लगे और जोरों की बारिश शुरू हो गई। साधु ने नाचना बंद कर दिया। गांव वालों के आश्चर्य की कोई सीमा नहीं रही। वे हाथ जोड़कर साधु से क्षमा मांगने लगे। उस दिन के बाद से साधु गांव में ही एक कुटिया बनाकर रहने लगा। जब भी सूखा पड़ता, वह नाचने लगता और बारिश हो जाती। वह बारिश वाले बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो गया। एक बार शहर से कुछ लड़के गांव में घूमने आए। जब उन्होंने बारिश वाले बाबा के बारे में सुना, तो उन्हें यकीन नहीं हुआ। उन्होंने गांव वालों से कहा कि अगर साधु बाबा के नाचने से बारिश हो सकती है, तो हमारे नाचने से भी हो सकती है। उन्होंने नाचकर



बारिश करवाने की चुनौती ले ली। अगले दिन एक मैदान में सारे गांव वाले इक_ा हो गए। साधु भी वहां था और चारों लड़के भी। चारों लड़कों ने नाचना शुरू किया। एक घंटा बीत गया, पर बारिश नहीं हुई। एक लड़का नाचते-नाचते थक गया और बैठ गया। एक घंटा और बीता, पर बारिश नहीं हुई। दूसरा लड़का भी थक कर बैठ गया। दो लड़के नाचते रहे, लेकिन बारिश न होते देख वे भी कुछ देर बाद थक कर बैठ गए। उसके बाद साधु ने नाचना शुरू किया। एक घंटा बीत गया, बारिश नहीं हुई, पर साधु नाचता रहा। दो घंटे बीत गए, बारिश नहीं हुई, पर साधु नाचता रहा। साधु को नाचते-नाचते शाम हो गई। चारों लड़के सोचने लगे कि ये साधु तो व्यर्थ ही नाच रहा है। तभी अचानक बारिश शुरू हो गई। साधु ने नाचना बंद किया, पर गांव वाले झूम उठे। चारों लड़के साधु के चरणों में गिर पड़े और पूछने लगे, बाबा! आपने ये चमत्कार कैसे किया? साधु ने कहा, मैं इस विश्वास के साथ नाचना शुरू करता हूं कि बारिश जरूर होगी और तब तक नाचता रहता हूं, जब तक बारिश नहीं हो जाती। इसलिए मैं जब भी नाचता हूं, बारिश जरूर होती है। साधु की इस बात में जीवन की एक बहुत बड़ी सीख छुपी हुई है। किसी भी काम में सफ़ल होना है, तो उसे पूरा करने के दृढ़ निश्चय के साथ काम शुरू करें और उसके बाद रुकें नहीं। उतार-चढ़ाव आएंगे, लेकिन अपने निश्चय से डिगें नहीं। अनवरत काम करते रहें, काम में सफलता अवश्य मिलेगी।

शख्सियत — उडुपी रामचन्द्र राव

# प्रतिष्ठित भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक



उडुपी रामचन्द्र राव, जिन्हें आमतौर पर यू. आर. राव के नाम से जाना जाता है। वह एक प्रतिष्ठित भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक थे जिन्होंने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने शानदार करियर के दौरान, राव को कई प्रशंसाएं और सम्मान मिले, जिनमें भारत के दो सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण और पद्म विभूषण शामिल हैं। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएसटी) के चांसलर और भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल) की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

उडुपी रामचन्द्र राव का जन्म 10 मार्च, 1932 को कर्नाटक, भारत में हुआ था। एक छोटे से गांव में पले-बढ़े राव को छोटी उम्र से ही विज्ञान में गहरी रुचि हो गई। उन्होंने इंजीनियरिंग में अपनी शिक्षा हासिल की और गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, बैंगलोर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की। बाद में, उन्होंने अपनी मास्टर डिग्री और पीएचडी पूरी की। क्रमशः गुजरात विश्वविद्यालय और भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला से इंजीनियरिंग में।

अंतरिक्ष विज्ञान में राव की यात्रा तब शुरू हुई जब वह 1966 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में शामिल हुए। उन्होंने भारत के पहले उपग्रह, आर्यभट्ट के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसे 1975 में सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। 1984 से 1994 तक इसरो के अध्यक्ष के रूप में, राव ने कई ऐतिहासिक मिशनों और परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उनके नेतृत्व में, इसरो ने रिमोट सेंसिंग के लिए पहला भारतीय उपग्रह लॉन्च किया, जिसने देश में कृषि, वानिकी और जल संसाधन प्रबंधन में क्रांति ला दी। उन्होंने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के विकास का भी नेतृत्व किया, जो अंतरिक्ष में उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए भारत का कार्यक्षेत्र बन गया। उन्होंने भारत-सोवियत मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन और अन्य देशों के लिए उपग्रह प्रणालियों के विकास सहित अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यू. आर. राव के समर्पण, दूरदर्शिता और अग्रणी भावना ने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जिससे देश वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित हुआ है।

जीवन ऊर्जा — सावित्रीबाई फुलेः निधन 10 मार्च 1897 — देहावसान

सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को नायगांव में कृषि परिवार में हुआ था। सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका एवं मराठी कवियत्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर स्त्री अधिकारों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। 1852 में उन्होंने बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। प्लेग महामारी में सावित्रीबाई प्लेग के मरीजों की सेवा करती थीं।

# अज्ञानता को मजबूती से पकड़कर उसे पीटो और जीवन से भगा दो

स्त्रियां केवल घर और खेत पर काम करने के लिए नहीं बनी है, वह पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती है। स्वाभिमान से जीने के लिए पढ़ाई करो, पाठशाला ही इंसानों का सच्चा गहना है। तुम बकरी गाय को सहलाते हो, नाग पंचमी पर नाग को दूध पिलाते हो, लेकिन दलितों को तुम इंसान नही अछूत मानते हो। इस धरती पर ब्राह्मणों ने खुद को स्वघोषित देवता बना लिया है। पत्थर को सिंदूर लगाकर और तेल में डुबोकर जिसे देवता समझा जाता है, वह असल मे पत्थर ही होता है। अगर पत्थर पूजने से बच्चे होते तो नर नारी शादी ही क्यों रचाते।



अज्ञानता को तुम पकड़ो, धर दबोचो, मजबूती से पकड़कर उसे पीटो और उसे अपने जीवन से भगा दो। गरीबों और जरूरतमंदों के लिए हितकारी और कल्याणकारी कार्य शुरू किए है, में अपने हिस्से की जिम्मेदारी भी निभाना चाहती हूं, में आपको यकीन दिलाती हूं कि में आपकी हमेशा सहायता करूंगी, में कामना करती हूं कि ईश्वरीय कार्य अधिक लोगों की सहायता करेंगे। जाओ जाकर पढ़ो लिखो, मेहनती बनो, आत्मनिर्भर काम करो, ज्ञान और धन एकत्रित करो, ज्ञान के बिना सब खो जाता है, ज्ञान के बिना हम जानवर बन जाते है इसलिए खाली मत बैठो, जाओ जाकर शिक्षा लो। ब्राह्मणवाद केवल मानसिकता नही, एक पूरी व्यवस्था है जिससे धर्म के पोषक तत्व देव-देवता, रीति-रिवाज, पूजा-अर्चना आदि गरीब दलित जनता को अपने में काबू में रखकर उनकी तरक्की के सारे रास्ते बंद करते है और उन्हें बदहाली भरे जीवन में धकेलते आए है। छत्रपति शिवाजी को सुबह शाम याद करना चाहिए, शुद्र अतिशूद्र के हमदर्द उनका गुणगान प्यारी भावना से करें। एक सशक्त शिक्षित स्त्री सभ्य समाज का निर्माण कर सकती है, इसलिए उनको भी शिक्षा का अधिकार होना चाहिए। बेटी के विवाह से पहले उसे शिक्षित बनाओ ताकि वह आसानी से अच्छे बुरे में फर्क कर सके। शिक्षा स्वर्ग का द्वार खोलता है, स्वयं को जानने का अवसर देता है। स्त्रियां केवल घर और खेत पर काम करने के लिए नही बनी है, वह पुरुषों से बेहतर कार्य कर सकती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हर व्यक्ति अपने कर्मो के अनुसार फल भोगता है

एक बार शंकर पार्वती भ्रमण पर निकले। रास्ते में उन्होंने देखा कि एक तालाब में कई बच्चे तैर रहे थे, लेकिन एक बच्चा उदास मुद्रा में बैठा था। पार्वती जी ने शंकर जी से पूछा यह बच्चा उदास क्यों है? शंकर जी ने कहा बच्चे को ध्यान से देखो। पार्वती जी ने देखा बच्चे के दोनों हाथ नही थे। जिस कारण वो तैर नही पा रहा था। पार्वती जी ने शंकर जी से कहा कि आप शक्ति से इस बच्चे को हाथ दे दो ताकि वो भी तैर सके। शंकर जी ने कहा हम किसी के प्रारब्ध में हस्तक्षेप नही कर सकते हैं क्योंकि हर आत्मा अपने कर्मो के फल द्वारा ही अपना प्रारब्ध अदा करती है। पार्वती ने बार बार विनती की। आखिरकर शंकर जी ने उसे हाथ दे दिए। वह बच्चा भी पानी में तैरने लगा।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



एक सप्ताह बाद शंकर पार्वती फिर वहाँ से गुज़रे। इस बार मामला उल्टा था, सिर्फ वही बच्चा तैर रहा था और बाकी सब बच्चे बाहर थे। पार्वती जी ने पूछा यह क्या है? शंकर जी ने कहा कि ध्यान से देखो-देखा तो वह बच्चा दूसरे बच्चों को पानी में डुबो रहा था। इसलिए सब बच्चे भाग रहे थे। शंकर जी ने जवाब दिया हर व्यक्ति अपने कर्मो के अनुसार फल भोगता है। भगवान किसी के कर्मो के फेर में नही पड़ते है। उसने पिछले जन्मो में हाथों द्वारा यही कार्य किया था। इसलिए उसके हाथ नही थे। हाथ देने से पुनः वह दूसरों की हानि करने लगा है। प्रकृति नियम अनुसार चलती है किसी के साथ कोई पक्षपात नही।

आत्माएँ जब ऊपर से नीचे आती हैं तो अच्छी ही होती हैं, कर्मो अनुसार कोई अपाहिज है तो कोई भिखारी तो कोई झुग्गी में तो कोई बड़े महलों में रहता है, लेकिन सब परिवर्तन शील है। अगर महलो में रहकर या पैसे के नशे में आज कोई बुरा काम करता है, लेकिन भुगतान तो सबको करना ही पड़ेगा।

## अपने विचार

अब सीधे चुनाव होगा, आप लोगों को कौन बुद्धि देता है। आइएगा (जेडीयू) तो स्वागत करेंगे, क्यों स्वागत करेंगे। आरक्षणचोर और आरक्षणखोरों का हम लोग स्वागत करेंगे क्या?कोई ऑफर नहीं दिया जा रहा है।



**- तेजस्वी यादव**, नेता प्रतिपक्ष,बिहार

महिलाओं को डर में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि जीत डर के आगे है। आज की महिलाओं ने उन लोगों को गलत साबित कर दिया है, जो कहते हैं कि महिलाएं कुछ चीजें नहीं कर सकतीं।



**-रेखा गुप्ता**, मुख्यमंत्री,दिल्ली

'शमी साहब, इन प्रतिक्रियावादी कट्टर मूर्खों की परवाह मत कीजिए, जिन्हें दुबई के क्रिकेट मैदान में दोपहर में आपके पीने के पानी से परेशानी है। आप महान भारतीय टीम में से एक हैं, जो हम सभी को गर्व महसूस कराते हैं।



**-जावेद अख्तर**, लेखक

मुझे आतिशी के बयान में निराशा और हताशा ज्यादा नजर आ रही है, वे खुद एक संवैधानिक पद पर रही हैं, उन्हें कुछ कानूनी प्रक्रिया के बारे में पता होना चाहिए। किसी भी योजना के लिए बजट स्वीकृत होना जरूरी है, जिसके लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी है।



**-वीरेंद्र सचदेवा,** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़्मिेदार)।

# भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है संपूर्ण विश्व

यह संपूर्ण विश्व भगवान श्रीविष्णु की शक्ति से ही संचालित है। वे निर्गुण भी हैं और सगुण भी। वे अपने चार हाथों में क्रमशः शंख, चक्र, गदा और पद्म धारण करते हैं। जो भी किरीट और कुण्डलों से विभूषित, पीताम्बरधारी, वनमाला तथा कौस्तुभमणि को धारण करने वाले, सुंदर कमलों के समान नेत्र वाले भगवान श्रीविष्णु का ध्यान करता है वह भव बन्धन से मुक्त हो जाता है।

भक्तिपूर्वक देवदेव विष्णु की एक बार प्रदक्षिणा करने वाला व्यक्ति सारी पृथ्वी की परिक्रमा करने का फल प्राप्त करके बैकुण्ठ धाम में निवास करता है। जिसने कभी भक्ति भाव से भगवान लक्ष्मीपति को नमस्कार किया है, उसने अनायास ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप फल प्राप्त कर लिया। जो स्तोत्र और जप के द्वारा मधुसूदन की उनके समक्ष होकर स्तुति करता है, वह समस्त पापों से मुक्त होकर विष्णुलोक में पूजित होता है। जो भगवान के मंदिर में शंख, तुरही आदि बाजों के शब्द से युक्त गानाबजाना और नाटक करता है, वह मनुष्य विष्णुधाम को प्राप्त होता है। विशेषतः पर्व के समय उक्त उत्सव करने से मनुष्य कामरूप होकर संपूर्ण कामनाओं को प्राप्त होता है।

पद्मपुराण में वर्णन मिलता है कि भगवान श्रीविष्णु ही परमार्थ तत्व हैं। वे ही ब्रह्मा और शिव सहित सृष्टि के आदि कारण हैं। वे ही नारायण, वासुदेव, परमात्मा, अच्युत, कृष्ण, शाश्वत, शिव, ईश्वर तथा हिरण्यगर्भ आदि अनेक नामों से पुकारे जाते हैं। नर अर्थात् जीवों के समुदाय को नार कहते हैं। संपूर्ण जीवों के आश्रय होने के कारण भगवान श्रीविष्णु ही नारायण कहे जाते हैं। कल्प के प्रारम्भ में एकमात्र सर्वव्यापी भगवान नारायण ही थे। वे ही संपूर्ण जगत की सृष्टि करके सबका पालन करते हैं और अंत में सबका संहार करते हैं। इसीलिए भगवान श्रीविष्णु का नाम हरि है। मत्स्य, कूर्म, वाराह, वामन, हयग्रीव तथा श्रीरामकृष्णादि भगवान श्रीविष्णु के ही अवतार हैं।

भगवान श्रीविष्णु अत्यंत दयालु हैं। वे अकारण ही जीवों पर करुणा वृष्टि करते हैं। उनकी शरण में जाने पर परम कल्याण हो जाता है। जो भक्त भगवान श्रीविष्णु के नामों



का कीर्तन, स्मरण, उनका दर्शन, वंदन, गुणों का श्रवण और उनका पूजन करता है, उसके सभी पाप विनष्ट हो जाते हैं। यद्यपि भगवान श्रीविष्णु के अनन्त गुण हैं, तथापि उनमें भक्तवत्सलता का गुण सर्वोपरि है। चारों प्रकार के भक्त जिस भावना से उनकी उपासना करते हैं, वे उनकी उस भावना को परिपूर्ण करते हैं। ध्रुव, प्रहलाद, अजामिल, द्रौपदी, गणिका आदि अनेक भक्तों का उनकी कृपा से उद्धार हुआ। भक्त वत्सल भगवान को भक्तों का कल्याण करने में यदि विलम्ब हो जाये तो भगवान उसे अपनी भूल मानते हैं और उसके लिए क्षमा याचना करते हैं।

जो मनुष्य भगवान विष्णु के निम्नांकित पचपन नामों का जप करता है, वह मंत्रजप आदि के फल का भागी होता है तथा तीर्थों में पूजन आदि के अक्षय पुण्य को प्राप्त करता है। पुष्कर में पुण्डरीकाक्ष, गया में गदाधर, चित्रकूट में राघव, प्रभास में दैत्यसूदन, जयन्ती में जय, हस्तिनापुर में जयन्त, वर्धमान में वाराह, काश्मीर में चक्रपाणि, कुब्जाभ में जनार्दन, मथुरा में केशवदेव, कुब्जाम्रक में हृषीकेश, गंगाद्वार में जटाधर, शालग्राम में महायोग, गोवर्धनगिरि पर हरि, पिण्डारक में चतुर्बाहु, शंखोद्धार में शंखी, कुरुक्षेत्र में वामन, यमुना में त्रिविक्रम, शोणतीर्थ में विश्वेश्वर, पूर्वसागर में कपिल, महासागर में विष्णु, गंगासागर संगम में वनमाल, किष्किन्धा में रैवतकदेव, काशीतट में महायोग, विरजा में रिपुंजय, विशाखयूप में अजित, नेपाल में लोकभावन, द्वारका में कृष्ण, मन्दराचल में मधुसूदन, लोकाकुल में रिपुहर, शालग्राम में हरि का स्मरण करें।

पुरुषवट में पुरुष, विमलतीर्थ में जगत्प्रभु, सैन्धवारण्य में अनन्त, दण्डकारण्य में शार्ंगधारी, उत्पलवर्तक में शौरि, नर्मदा में श्रीपति, रैवतकगिरि पर दामोद, नन्दा में जलशायी, सिन्धुसागर में गोपीश्वर, माहेन्द्रतीर्थ में अच्युत, सह्याद्रि पर देव देवेश्वर, मागधवन में बैकुण्ठ, विन्ध्यगिरि पर सर्वपापहारी और हृदय में आत्मा विराजमान हैं। ये अपने नाम का जप करने वाले साधकों को भोग तथा मोक्ष देने वाले हैं। प्रत्येक वटवृक्ष पर कुबेर का, प्रत्येक चौराहे पर शिव का, प्रत्येक पर्वत पर राम का तथा सर्वत्र मधुसूदन का स्मरण करें। धरती और आकाश में नरका, वसिष्ठती में गरुडध्वज का तथा सर्वत्र भगवान वासुदेव का स्मरण करने वाला पुरुष भोग एवं मोक्ष का भागी होता है। भगवान विष्णु के इन नामों का जप करके मनुष्य सब कुछ पा सकता है। उपर्युक्त क्षेत्र में जो जप, श्राद्ध, दान और तर्पण किया जाता है, वह सब कोटिगुना हो जाता है। जिसकी वहां मृत्यु होती है, वह ब्रह्मस्वरूप हो जाता है।

## रामचरितमानस- जानिये भाग-9 में क्या - क्या हुआ

चतुर पुरुष उसी कविता का आदर करते हैं, जो सरल हो और जिसमें निर्मल चरित्र का वर्णन हो तथा जिसे सुनकर शत्रु भी स्वाभाविक बैर को भूलकर सराहना करने लगें। कलियुग के भी उन कवियों को मैं प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने श्री रघुनाथजी के गुण समूहों का वर्णन किया है।



पुण्यं पापहरं सदा शिवकरं विज्ञानभक्तिप्रदं
मायामोहमलापहं सुविमलं प्रेमाम्बुपूरं शुभम्।
श्रीमद्रामचरित्रमानसमिदं भक्त्यावगाहन्ति ये
ते संसारपतङ्गघोरकिरणैर्दह्यन्ति नो मानवाः॥

गोस्वामी जी द्वारा कवियों की वंदना

चरन कमल बंदउँ तिन्ह केरे। पुरवहुँ सकल मनोरथ मेरे॥
कलि के कबिन्ह करउँ परनामा। जिन्ह बरने रघुपति गुन ग्रामा॥

मैं उन सब (श्रेष्ठ कवियों) के चरणकमलों में प्रणाम करता हूँ, वे मेरे सब मनोरथों को पूरा करें। कलियुग के भी उन कवियों को मैं प्रणाम करता हूँ, जिन्होंने श्री रघुनाथजी के गुण समूहों का वर्णन किया है॥

जे प्राकृत कबि परम सयाने। भाषाँ जिन्ह हरि चरित बखाने॥
भए जे अहहिं जे होइहहिं आगें। प्रनवउँ सबहि कपट सब त्यागें॥

जो बड़े बुद्धिमान कवि हैं, जिन्होंने भाषा में हरि चरित्रों का वर्णन किया है, जो ऐसे कवि पहले हो चुके हैं, जो इस समय वर्तमान में हैं और जो आगे होंगे, उन सबको मैं सारा कपट त्यागकर प्रणाम करता हूँ॥

होहु प्रसन्न देहु बरदानू। साधु समाज भनिति सनमानू॥
जो प्रबंध बुध नहिं आदरहीं। सो श्रम बादि बाल कबि करहीं॥

आप सब प्रसन्न होकर यह वरदान दीजिए कि साधु समाज में मेरी कविता का सम्मान हो, क्योंकि बुद्धिमान लोग जिस कविता का आदर नहीं करते, मूर्ख कवि ही उसकी रचना का व्यर्थ परिश्रम करते हैं॥

कीरति भनिति भूति भलि सोई। सुरसरि सम सब कहँ हित होई॥
राम सुकीरति भनिति भदेसा। असमंजस अस मोहि अँदेसा॥

कीर्ति, कविता और सम्पत्ति वही उत्तम है, जो गंगाजी की तरह सबका हित करने वाली हो। श्री रामचन्द्रजी की कीर्ति तो बड़ी सुंदर है, परन्तु मेरी कविता भद्दी है। यह असामंजस्य है (अर्थात इन दोनों का मेल नहीं मिलता), इसी की मुझे चिन्ता है॥

तुम्हरी कृपाँ सुलभ सोउ मोरे। सिअनि सुहावनि टाट पटोरे॥

परन्तु हे कवियों! आपकी कृपा से यह बात भी मेरे लिए सुलभ हो सकती है। रेशम की सिलाई टाट पर भी सुहावनी लगती है॥

सरल कबित कीरति बिमल सोइ आदरहिं सुजान।
सहज बयर बिसराइ रिपु जो सुनि करहिं बखान॥

चतुर पुरुष उसी कविता का आदर करते हैं, जो सरल हो और जिसमें निर्मल चरित्र का वर्णन हो तथा जिसे सुनकर शत्रु भी स्वाभाविक बैर को भूलकर सराहना करने लगें॥

सो न होई बिनु बिमल मति मोहि मति बल अति थोर।
करहु कृपा हरि जस कहउँ पुनि पुनि करउँ निहोर॥

ऐसी कविता बिना निर्मल बुद्धि के होती नहीं और मेरी बुद्धि का बल बहुत ही थोड़ा है, इसलिए बार-बार निहोरा करता हूँ कि हे कवियों! आप कृपा करें, जिससे मैं हरि यश का वर्णन कर सकूँ॥

कबि कोबिद रघुबर चरित मानस मंजु मराल।
बालबिनय सुनि सुरुचि लखि मो पर होहु कृपाल॥

कवि और पण्डितगण! आप जो रामचरित्र रूपी मानसरोवर के सुंदर हंस हैं, मुझ बालक की विनती सुनकर और सुंदर रुचि देखकर मुझ पर कृपा करें॥

वाल्मीकि, वेद, ब्रह्मा, देवता, शिव, पार्वती आदि की वंदना

बंदउँ मुनि पद कंजु रामायन जेहिं निरमयउ।
सखर सुकोमल मंजु दोष रहित दूषन सहित॥

मैं उन वाल्मीकि मुनि के चरण कमलों की वंदना करता हूँ, जिन्होंने रामायण की रचना की है, जो खर (राक्षस) सहित होने पर भी (खर (कठोर) से विपरीत) बड़ी कोमल और सुंदर है तथा जो दूषण (राक्षस) सहित होने पर भी दूषण अर्थात् दोष से रहित है॥

बंदउँ चारिउ बेद भव बारिधि बोहित सरिस।
जिन्हहि न सपनेहुँ खेद बरनत रघुबर बिसद जसु॥

मैं चारों वेदों की वन्दना करता हूँ, जो संसार समुद्र के पार होने के लिए जहाज के समान हैं तथा जिन्हें श्री रघुनाथजी का निर्मल यश वर्णन करते स्वप्न में भी खेद (थकावट) नहीं होता॥

बंदउँ बिधि पद रेनु भव सागर जेहिं कीन्ह जहँ।
संत सुधा ससि धेनु प्रगटे खल बिष बारुनी॥

मैं ब्रह्माजी के चरण रज की वन्दना करता हूँ, जिन्होंने भवसागर बनाया है, जहाँ से एक ओर संतरूपी अमृत, चन्द्रमा और कामधेनु निकले और दूसरी ओर दुष्ट मनुष्य रूपी विष और मदिरा उत्पन्न हुए॥

बिबुध बिप्र बुध ग्रह चरन बंदि कहउँ कर जोरि।
होइ प्रसन्न पुरवहु सकल मंजु मनोरथ मोरि॥

देवता, ब्राह्मण, पंडित, ग्रह- इन सबके चरणों की वंदना करके हाथ जोड़कर कहता हूँ कि आप प्रसन्न होकर मेरे सारे सुंदर मनोरथों को पूरा करें॥

## प्रभु की लीला



यह उस समय की बात है जब हनुमान जी अशोक वाटिका में माता सीता की खोज में पहुंचे थे और चुपचाप माता सीता और त्रिजटा की बातें सुन रहे थे। त्रिजटा ने कहा, 'मैंने स्वप्न में देखा है कि लंका में एक बंदर आया है और वह लंका को जला देगा।' त्रिजटा की यह बात सुनकर हनुमान जी को चिंता हुई कि प्रभु राम ने लंका जलाने के लिए ऐसा कोई निर्देश नहीं दिया था, तो फिर त्रिजटा यह क्यों कह रही हैं?' जब रावण के सैनिक हनुमान जी को मारने के लिए तलवार लेकर दौड़े, तब विभीषण ने आकर कहा, 'दूत को मारना अनीति है।' यह सुनकर हनुमान जी समझ गए कि प्रभु राम ने विभीषण को उनका रक्षक बना दिया है। यह आश्चर्यजनक था, लेकिन इससे भी बड़ी आश्चर्य की बात तब हुई जब रावण ने आदेश दिया कि हनुमान जी की पूंछ में कपड़ा लपेटकर, उसमें घी डालकर आग लगाई जाए। हनुमान जी ने सोचा, 'यदि त्रिजटा की बात सच नहीं होती, तो मुझे लंका जलाने के लिए घी, तेल, कपड़ा और आग कहां से मिलता?' आखिरकार हनुमान जी ने प्रभु राम से कहा, 'हे प्रभु राम, आपने स्वयं ही रावण से यह प्रबंध करवा दिया। जब आप रावण से भी अपना काम करा लेते हैं, तो यह मेरा मतिभ्रम था कि अगर मैं न होता, तो माता सीता को कौन बचाता?'

## होलाष्टक में क्यों नहीं किए जाते मांगलिक कार्य?

होलाष्टक के दौरान मांगलिक कार्यों को वर्जित माना जाता है क्योंकि यह अवधि अशुभ मानी जाती है। इसके पीछे धार्मिक और ज्योतिषीय दोनों कारण हैं:

**धार्मिक कारण:**

भगवान शिव का रौद्र रूप – पौराणिक मान्यता के अनुसार, होलाष्टक के दौरान भगवान शिव ने कामदेव को भस्म किया था। इस कारण यह समय शुभ कार्यों के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता।

होलिका दहन की पृष्ठभूमि – यह काल भक्त प्रह्लाद के लिए अत्याचारों का समय माना जाता है, जब हिरण्यकश्यप ने उसे तरह-तरह की यातनाएं दी थीं। इसलिए इसे संकट और नकारात्मक ऊर्जा का काल माना जाता है।

**ज्योतिषीय कारण:**

ग्रहों की अशुभ स्थिति – इस समय ग्रहों की स्थिति उथल-पुथल वाली होती है, जिससे शुभ कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।



नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव – मान्यता है कि इस दौरान नकारात्मक ऊर्जा अधिक सक्रिय होती है, जिससे विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण आदि कार्यों में विघ्न आ सकते हैं।

**किन कार्यों की मनाही होती है?**

विवाह
गृह प्रवेश
मुंडन
नए व्यवसाय की शुरुआत
उपनयन संस्कार (यज्ञोपवीत)

**होलाष्टक की अवधि:**

फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर फाल्गुन पूर्णिमा (होलिका दहन) तक होलाष्टक माना जाता है।

हालांकि, कुछ स्थानों पर यह परंपरा नहीं मानी जाती, लेकिन उत्तर भारत में विशेष रूप से इसे अशुभ काल माना जाता है।

## भौम प्रदोष व्रत पर पूजा के समय करें ये उपाय, आर्थिक तंगी से मिलेगा छुटकारा



सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का खास महत्व है। यह पर्व प्रत्येक माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर मनाया जाता है। इस शुभ अवसर पर देवों के देव महादेव और मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही शिव-शक्ति के निमित्त त्रयोदशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है।

ज्योतिष शास्त्र में प्रदोष व्रत पर विशेष उपाय किया जाता है। इन उपायों को करने से जीवन में व्याप्त हर परेशानी दूर हो जाती है। भौम प्रदोष व्रत पर भगवान शिव की पूजा करने से आर्थिक विषमता दूर होती है। अगर आप भी पैसों की तंगी से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो त्रयोदशी तिथि पर पूजा के समय ये उपाय जरूर करें।

वैदिक पंचांग के अनुसार, मंगलवार 11 मार्च को भौम प्रदोष व्रत है। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि 11 मार्च को सुबह 08 बजकर 13 मिनट पर शुरू होगी और 12 मार्च को सुबह 09 बजकर 11 मिनट पर समाप्त होगी। प्रदोष व्रत पर संध्याकाल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। अतः 11 मार्च को फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रदोष व्रत रखा जाएगा।

**प्रदोष व्रत उपाय**

देवों के देव महादेव जलाभिषेक से प्रसन्न होते हैं। अतः प्रदोष व्रत के दिन गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से बुध देव प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा से करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साथ ही आर्थिक तंगी से भी मुक्ति मिलती है।

अगर आप सुखों में वृद्धि पाना चाहते हैं, तो दूध से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से महादेव शीघ्र प्रसन्न होते हैं। उनकी कृपा साधक पर बरसती है। साथ ही कुंडली में शुक्र ग्रह मजबूत होता है। शुक्र देव की कृपा से व्यक्ति को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है।

अगर आप अशुभ ग्रहों की कुदृष्टि से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो भौम प्रदोष व्रत पर शहद से भगवान शिव का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से कुंडली में मंगल ग्रह भी मजबूत होता है। साथ ही हनुमान जी की कृपा साधक पर बरसती है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा।

**वृष:** फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। आय से व्यय अधिक होंगे।

**मिथुन:** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं।

**कर्क:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

**सिंह:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे।

**कन्या:** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा।

**तुला:** भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**वृश्चिक:** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी।

**धनु:** स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नाति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें।

**मकर:** पिता को पुराना रोग उभर सकता है। कारोबार में प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है।

**कुंभ:** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीवार्द मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन:** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी।

## कब होगा भाग्योदय



भाग-2

अब ऐसी स्थिति में यहाँ गुरु चंद्र के साथ जितने ज्यादा अच्छे राजयोग अन्य तरह से बने होंगे उतना ही अच्छा भाग्योदय होगा, जैसे:- भाग्येश गुरु यहाँ चंद गुरु शुक्र मेष लग्न में एक साथ होंगे तब उच्च राजयोग बनेगा इसके प्रभाव से ज्यादा से ज्यादा उत्तम भाग्योदय होगा।।

**उदाहरण_अनुसार –**

कर्क_लग्न में भी नवे भावाधिपति गुरु होता है अब गुरु यहां भाग्यधिपति मंगल के साथ छप तब बहुत शक्तिशाली ऐसे जातक का भाग्य अत्यंत बलि होगा, यहाँ भाग्येश गुरु संतान भाव 5वे भाव का स्वामी भी होता। है ऐसी स्थिति में संतान जातक के लिए भाग्यशाली रहेगी संतान होने के बाद ज्यादा से ज्यादा उन्नति होगी।।

अब नवे घर मे या नवे घर के स्वामी किसी तरह के राजयोग बनाकर बैठे तब भाग्योदय की स्थिति अच्छी होगी और अच्छा भाग्योदय होगा, कैसे?इसे अब उदाहरण से समझते है:-

जैसे, नवम भावगत और नवे भाव में उच्च ग्रह या राजयोग बनाकर बैठे तब बहुत शक्तिशाली भाग्योदय होगा,

**उदाहरण_अनुसार:–**

सिंह_लग्न कुंडली मे नवे भाव स्वामी मंगल बनने से यह भाग्यधिपति बनता है अब मंगल यहाँ किसी तरह राजयोग बनाकर बैठे, जैसे मंगल सूर्य बुध तीनो का सबंध एक साथ हो साथ ही बलवान स्थित्ति में संबंध हो जैसे मंगल सूर्य बुध तब बहुत बढ़िया भाग्योदय ऐसे जातक का होना है क्योंकि सूर्य यहाँ लग्नेश बनता है मंगल भाग्य स्वामी और बुध धनाधिपति होता है ऐसी में मंगल सुर्य बुध एक साथ संबंध में होंगे तब यह धन योग भी बनेगा और राजयोग भी क्योंकि इस सबंध में बुध सिंह लग्न में धन/आय,धनलाभ का स्वामी एयर सुर्य लग्न स्वामी और मंगल यहाँ नवे चौथे भाव स्वामी होकर योगकारक बनकर सुर्य बुधके साथ प्रबल राजयोग और धन योग बनाकर उच्च स्तर का भाग्योदय, उच्च स्तर सफलताए, राजयोग सुख आदि रहेगा साथ ही पूर्ण भाग्योदय होगा।।

क्रमशः



प्रियंका जैन
9769994439

# आभूषण दुकानदार को कर्मी समेत मारी गोली, नकदी जेवरात लूट कर फरार



**वाराणसी।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के अहरक में रविवार को बाइक सवार तीन हमलावरों ने आभूषण व्यापारी की दुकान में घुसकर कर्मचारी समेत गोली मार दी। बदमाशों ने दुकान में बिक्री के रखे 22 हजार रुपये नकद और चांदी के आभूषण लूट कर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजते हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगालते हुए बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि अहरक में विकास (24) की आभूषण की दुकान है। आज वह दुकान में अपने कर्मचारी सियाराम (43) के साथ बैठे थे। तभी अपरान्ह एक बाइक पर सवार तीन बदमाश उनकी दुकान पहुंचे। तीनों दुकान में घुसे और दोनों को गोली मार दी। बदमाश दुकान में रखी नकदी और चांदी के सामान लूटकर फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग और दुकानदार के परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को घायल देख कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। व्यापारी और उसके कर्मचारी के कंधे में गोली लगी है। घटनास्थल का एसीपी और एडीसीपी ने मौका मुआयना करते हुए लोगों से घटना को लेकर पूछताछ की। सीसीटीवी में बदमाशों की फुटेज खंगालते हुए तलाश में पुलिस टीमों को लगाया गया है।

# शादी की बात करने पर प्रेमिका को दी दर्दनाक मौत

**बहराइच।** बहराइच में दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। यहां एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी पर शादी के लिए दबाव बनाया तो प्रेमी ने उसका गला काटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने धड़ को तो वहीं छोड़ दिया, लेकिन सिर को दो किमी दूर ले जाकर फेंक दिया था। यह वारदात दो दिन पहले की है, लेकिन पुलिस ने महज 48 घंटे में इस ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा करते हुए मथुरा से आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस ने जरूरी पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामला बहराइच में नानपारा कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव जगन्नाथपुर का है। शुक्रवार की सुबह यहां नहर के किनारे एक लड़की का शव मिला था। इस शव में से सिर गायब था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लड़की की पहचान कराई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद मामले की जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक मृत लड़की की पहचान मल्हीपुर थाना क्षेत्र के गांव चमर पुरवा निवासी अमीना के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि वह आसिफ रजा उर्फ फैजान अली से प्यार करती थी।

पुलिस ने जब आसिफ की लोकेशन निकाली तो पता चला कि वह घटना के वक्त मौके पर मौजूद था। इस जानकारी के बाद पुलिस ने श्रावस्ती जिले के हरदत नगर ग्रांट थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर निवासी आसिफ की तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को उसकी लोकेशन मथुरा में मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने पहले तो गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन थोड़ी कड़ाई बरतने पर आरोपी ने हैरतंगेज खुलासे किए। बताया कि वह अमीना से प्यार तो करता था, लेकिन शादी नहीं करना चाहता था। जबकि अमीना इसके लिए लगातार दबाव बना रही थी। ऐसे में उसने अमीना से पीछा छुड़ाने की साजिश रची और बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गया। आरोपी ने बताया कि उसने अमीना का सिर धड़ से अलग किया और सिर को दो किमी दूर ले जाकर फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कटा सिर और आरोपी के घर से उसके कपड़े व बाइक आदि बरामद कर लिया है। बहराइच के अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के मुताबिक आरोपी वारदात से पूर्व अमीना को फिल्म दिखाने ले गया था और वापस लौटते समय उसकी हत्या की थी।

### बकवास मत करो, कोई ऑफर नहीं!'

# नीतीश संग गठबंधन के सवाल पर भड़के तेजस्वी यादव



पटना। बिहार में शिक्षक बहाली और आरक्षण को लेकर सियासी घमासान जारी है। राजधानी पटना में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) द्वारा महागठबंधन सरकार के दौरान बिहार में बढ़ाई गई 65% आरक्षण सीमा को लागू किए जाने को लेकर धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के बाद आरजेडी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से पूछा गया कि क्या वह फिर से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन कर सकते हैं? सवाल सुनते ही तेजस्वी भड़क गए। तेजस्वी ने कहा, 'हम गठबंधन क्यों करेंगे? मुद्दे से ध्यान भटकाने की प्रयास मत करिए। किसी को कोई ऑफर नहीं दिया जा रहा है। मेरे और आरजेडी मुखिया लालू प्रसाद यादव के अलावा गठबंधन पर बयान देने के लिए कोई भी अधिकृत नहीं है'।

तेजस्वी यादव ने कहा कि आरजेडी के साथ गठबंधन को लेकर कोई भी निर्णय सिर्फ लालू जी और मैं ले सकता हूं। नीतीश पर तंज कसते हुए तेजस्वी बोले- वह अब पहले जैसे नहीं रहे, सभाओं में उनकी भाषा से ये साफ स्पष्ट हो रहा है। तेजस्वी ने बीजेपी पर बिहार में आरक्षण विरोधी एजेंडा चलाने का भी आरोप लगाया। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट में जब आरक्षण से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई होती है तो बिहार सरकार के वकील मजबूत से अपना पक्ष नहीं रखती। तेजस्वी ने मांग की है कि आरक्षण कानून को संविधान की नौवी अनुसूची में शामिल किया जाए। जिससे अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को नौकरी की सुरक्षा मिलेगी।

बता दें कि तेजस्वी और नीतीश महागठबंन के तहत 2015 में पहली बार एक साथ आए थे। लेकिन, 2017 में नीतीश कुमार मे पाला बदला और बीजेपी का हाथ थाम लिया। फिर 2022 में नीतीश ने बीजेपी से नाता तोड़ लिया और तेजस्वी के साथ गठबंधन किया। नीतीश मुख्यमंत्री बने और तेजस्वी उप-मुख्यमंत्री। हालांकि, ये गठबंधन ज्यादा नहीं चला। नीतीश 2024 में तेजस्वी के साथ गठबंधन तोड़कर एनडीए के साथ चले गए।

# BJP को संजय निषाद का संदेश: हारी सीटें हमें दें, जीतकर लौटाएंगे

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में रविवार को कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद का जोरदार स्वागत हुआ। कार्यकर्ता सम्मेलन और बाइक रैली के जरिए उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों का बिगुल फूंक दिया।

### भाजपा को दिया सीटों का प्रस्ताव

संजय निषाद ने भाजपा को संदेश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जो सीटें भाजपा हारी है, उन्हें अगर निषाद पार्टी को दिया जाए तो वे जीतकर वापस लौटाएंगे। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की 200 से अधिक सीटों पर निषाद समाज का वोट निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

### आरक्षण और नौकरियों पर बयान

कार्यक्रम के दौरान संजय निषाद ने निषाद समाज के अधिकारों को लेकर कहा कि उन्हें नौकरियों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने मांग की कि उत्तराखंड की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी निषाद समुदाय को आरक्षण दिया जाए।

# हिंसा भड़काने वाला शख्स 100 दिन बाद भी पुलिस पकड़ से दूर



**एजेंसी । संभल**

जिले में भीड़ को उकसाकर हिंसा फैलाने के मामले में लंबी दाढ़ी वाले शख्स को 100 दिन बाद भी पुलिस नहीं पकड़ सकी है। इस हिंसा से जुड़े 75 उपद्रवियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। इनमें चार आरोपित महिलाएं भी शामिल हैं। विवादित जामा मस्जिद व हरिहरनाथ मंदिर में सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को तीन स्थानों पर हिंसा भड़की थी। पहला बवाल विवादित जामा मस्जिद के नजदीक हुआ था, जहां पांच लोगों की जान चली गई थी। दूसरा बवाल नखासा तिराहे पर हुआ था, जहां पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। तीसरी हिंसा हिंदूपुरा खेड़ा में हुई थी, जहां पुलिस के अधिकारियों पर उपद्रवियों ने जानलेवा हमला किया था। हिंसा की इस घटना के बाद एक लंबी दाढ़ी वाले एक शख्स का वीडियो सामने आया था, जिसमें वह नारेबाजी करते हुए और अपने लोगों को उकसाकर आगे बुलाते हुए देखा जा रहा था। दाढ़ी वाला शख्स ही भीड़ में सबसे पहले उग्र हुआ था। इससे यह भी स्पष्ट हुआ था कि आरोपित अकेला नहीं था, इसके साथ अन्य लोग भी थे, जिनके भड़काने पर भीड़ उग्र हो गई थी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि संभल हिंसा के जो भी आरोपित फरार है, उनकी गिरफ्तारी को लेकर आसपास के जिलों में तलाश जारी है। वहीं पुलिस की टीमें दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि प्रदेशों में भी दबिश दे रही हैं। फरार आरोपितों के सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चस्पा कराए गए हैं।

# योगी सरकार में निर्भीक पत्रकार सुरक्षित नहीं : भाकपा

**एजेंसी । लखनऊ**



भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने रविवार को जारी बयान में कहा कि भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले ईमानदार व निर्भीक पत्रकार भी योगी सरकार में सुरक्षित नहीं है। अपराधी दिनदहाड़े उनकी हत्या कर रहे हैं। सीतापुर की घटना इसकी गवाह है। माले नेता ने कहा कि राघवेंद्र निर्भीक पत्रकार थे। उन्होंने धान खरीद में घोटाला और जमीन खरीद में स्टाम्प चोरी की खबरें उजागर की थीं। जांच में कुछ लोग फंस भी रहे थे कि इसी बीच उनकी हत्या हो गई। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हत्या हुई है, वह पूर्व नियोजित लगती है। शासन में बुराइयों को उजागर करने वाले पत्रकार तक सुरक्षित नहीं हैं, उसमें आम जनता खासकर कमजोर वर्गों की सुरक्षा का क्या हाल होगा, कल्पना की जा सकती है। कानून व्यवस्था पर सरकार खुद की पीठ थपथपाने से स्थितियां बदल नहीं जाएंगी। सच्चाई यह है कि यूपी में माफिया दबंग राज चल रहा है। राज्य सचिव ने हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी, घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों को कड़ी सजा और पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजे की मांग की।

# अयोध्या में दर्दनाक घटना, नवविवाहित जोड़े ने की आत्महत्या



**अयोध्या।** अयोध्या के कैंट थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शादी के अगले ही दिन नवविवाहित दंपति ने आत्महत्या कर ली। दूल्हे का शव फंदे से लटका मिला, जबकि दुल्हन मृत अवस्था में बेड पर पाई गई। सआादतगंज के मुरावन टोला निवासी प्रदीप (दूल्हा) की शादी 7 मार्च को दिल्ली निवासी शिवानी से हुई थी। 8 मार्च को उनके घर में रिसेप्शन का आयोजन था, लेकिन सुबह जब परिवार वालों ने दरवाजा खटखटाया, तो कोई जवाब नहीं मिला।

# संभल में हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी लाउडस्पीकर पर अजान, इमाम पर केस

**एजेंसी । संभल**

हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद संभल के चंदौसी में मस्जिद से तेज आवाज में अजान दी गई, जिसके बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। मस्जिद के इमाम हाफिज शकील शम्सी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। शनिवार को चंदौसी नगर के पंजाबियान मोहल्ले की मस्जिद में मानक से अधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर से अजान देने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लाउडस्पीकर जब्त कर लिया और इमाम पर भारतीय न्याय संहिता व ध्वनि प्रदूषण नियमों के तहत केस दर्ज किया।

### लाउडस्पीकर पर सख्त कार्रवाई



संभल पुलिस पहले ही रमजान के मद्देनजर सभी धार्मिक स्थलों को तेज आवाज में लाउडस्पीकर न बजाने की अपील कर चुकी थी। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार रमजान में भी मस्जिदों में लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति नहीं दी गई थी, बावजूद इसके अजान हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। संभल शहर में पहले हुई हिंसा के बाद से पुलिस अलर्ट मोड में है और योगी सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर को लेकर सख्ती बरती जा रही है।

# अफजाल अंसारी की पोस्ट पर सियासी हलचल, अब्बास अंसारी को मिली अंतरिम जमानत

**एजेंसी । गाजीपुर**

गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी की सोशल मीडिया पोस्ट इन दिनों चर्चा का विषय बन गई है। सुप्रीम कोर्ट से भतीजे और मऊ सदर से विधायक अब्बास अंसारी को अंतरिम जमानत मिलने के बाद अफजाल अंसारी ने फेसबुक पर लिखा, 'कहानी खत्म कैसे हो, मेरा किरदार बाकी है...' इस पोस्ट को लेकर जिले में अलग-अलग तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### अब्बास अंसारी को मिली 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत



अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से 6 हफ्ते की सशर्त अंतरिम जमानत मिली है। इस दौरान वह लखनऊ स्थित आवास में रह सकेंगे, लेकिन अपने विधानसभा क्षेत्र में जाने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी। चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में गिरफ्तार किए गए अब्बास पर बाद में कई अन्य मुकदमे और गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया था।

### समर्थकों में खुशी, सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं

अब्बास अंसारी की जमानत के बाद उनके समर्थकों में उत्साह है। वहीं, अफजाल अंसारी की फेसबुक पोस्ट पर भी तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। उन्होंने लिखा, 'आप सबकी दुआएं रंग लाईं, अब्बास को सर्वोच्च न्यायालय से अंतरिम जमानत मिल गई है।' उनके इस बयान को सियासी नजरिए से भी देखा जा रहा है।

## व्यापार जगत

# शेयर बाजार में हुआ बड़ा उलट-फेर

**मुंबई।** इंडियन स्टॉक मार्केट का बीता हफ्ता काफी सुकून भरा रहा। करीब 30 सालों में सबसे बड़ी गिरावट देखने के बाद पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार थोड़ा संभला और गिरावट का दौर थम गया। इसके बावजूद निवेशक अभी भी भारी नुकसान में हैं और इस बीच मार्केट से 24,753 करोड़ रुपये गायब भी हो गए हैं। मतलब बाजार से इतने पैसे बाहर निकल गए हैं। दरअसल भारतीय शेयर की चाल तय करने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) की अहम भूमिका रहती है। इन निवेशकों के भारी मात्रा में एग्जिट होने की वजह से ही शेयर बाजार में ये भूचाल आया हुआ है। उनका भारतीय शेयर बाजार को छोड़कर जाना अभी भी जारी है। मार्च के पहले हफ्ते में एफपीआई ने इंडियन शेयर मार्केट से 24,753 करोड़ रुपये (करीब 2 ।8 अरब डॉलर) की निकासी की है।



### क्यों जाने को बेताब है FPI?

भारतीय कंपनियों की कमजोर आय और ग्लोबल मार्केट में बढ़ते तनाव के चलते एफपीआई लगातार शुद्ध रूप से स्टॉक सेलर बने हुए हैं, यानी वह स्टॉक्स में किए गए अपने निवेश को लगातार निकाल रहे हैं। इससे पहले भी उनका भारतीय शेयर बाजार से पैसा निकालना जारी रहा है। फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। डिपॉजिटरी डेटा से पता चलता है कि 2025 में अब तक एफपीआई ने कुल 1 ।37 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। डेटा के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने सात मार्च तक 24,753 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। लगातार 13 हफ्तों से वह बाजार से निकासी कर रहे है । 13 दिसंबर 2024 से अब तक एफपीआई 17 ।1 अरब अमेरिकी डॉलर के शेयर बेच चुके हैं।

### क्या है एक्सपर्ट की राय?

मॉर्निंगस्टार इंवेस्टमेंट के एसोसिएट डायरेक्टर और रिसर्च मैनेजर हिमांशु श्रीवास्तव का कहना है कि अमेरिका के मेक्सिको, कनाडा और चीन जैसे देशों पर हाई टैरिफ लगाने और भारत समेत कई देशों पर 'जैसे को तैसा टैरिफ' लगाने का ऐलान करने से मार्केट में निवेशकों का रुख प्रभावित हुआ है। उनका कहना है कि घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के कमजोर नतीजों ने इस निगेटिव रुख को और बढ़ा दिया है। इससे एफपीआई भारतीय शेयरों को लेकर सावधानी बरत रहे हैं। जहां एक तरफ भारतीय बाजार में अनिश्चिता है। वहीं चीन और यूरोप के बाजार में ग्रोथ मोमेंटम देखने को मिल रहा है। इसलिए एफपीआई निवेश का बड़ा हिस्सा इन बाजारों में जा रहा है।

# एथर एनर्जी लिमिटेड अप्रैल में ला सकती है आईपीओ




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता एथर एनर्जी लिमिटेड ने अपने बकाया अनिवार्य परिवर्तनीय तरजीही शेयरों (सीसीपीएस) को इक्विटी में परिवर्तित करके बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के अनुसार, यह कदम कंपनी के आईपीओ की तैयारी का हिस्सा है। कंपनी का आईपीओ अप्रैल में आने की उम्मीद है। मिली जानकारी के अनुसार कंपनी पंजीयक (आरओसी) में दर्ज दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी के निदेशक मंडल ने आठ मार्च, 2025 को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें 1.73 करोड़ से अधिक बकाया सीसीपीएस को 24.04 करोड़ पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों में बदलने की मंजूरी दी गई। एक रुपये अंकित मूल्य वाले ये शेयर मौजूदा इक्विटी शेयरों के बराबर ही होंगे। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूंजी निर्गम एवं खुलासा आवश्यकताएं (आईसीडीआर) विनियमों के अनुसार, दस्तावेजों का मसौदा (आरएचपी) दाखिल करने से पहले सभी सीसीपीएस को इक्विटी में परिवर्तित किया जाना चाहिए। यह कदम संकेत देता है कि एथर एनर्जी अपने आईपीओ की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रही है, जो वित्त वर्ष 2025-26 में पेश होने वाले पहले आईपीओ में से एक हो सकता है। एथर ने महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक दोपहिया संयंत्र स्थापित करने और कर्ज कम करने के लिए कोष जुटाने को पिछले साल सितंबर में दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया था। दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ 3,100 करोड़ रुपये मूल्य के इक्विटी शेयरों के नए निर्गम और प्रवर्तकों व निवेशकों द्वारा 2.2 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन होगा।

# लंदन की महत्वाकांक्षी नई 'वृद्धि योजना' के लिए भारत को शीर्ष स्रोत बाजार



लंदन। ब्रिटेन की राजधानी ने अनुमानित 27 अरब पाउंड का अतिरिक्त कर राजस्व हासिल करने के लिए एक महत्वाकांक्षी नई 'वृद्धि योजना' का अनावरण किया है। इसमें भारत को प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में नंबर एक स्रोत बाजार माना गया है। इस बढ़े हुए राजस्व से लंदन और देश भर में महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाओं को वित्तपोषित करने की योजना है। हाल में लंदन के मेयर सादिक खान ने वृद्धि एजेंसी लंदन एंड पार्टनर्स के साथ मिलकर वृद्धि योजना का अनावरण किया। इसका उद्देश्य अगले दशक में उत्पादकता वृद्धि को औसतन दो प्रतिशत सालाना पर बहाल करना है। इससे उम्मीद है कि 2035 तक लंदन की अर्थव्यवस्था काफी बड़ी हो जाएगी। भारत पिछले तीन साल से वृद्धि की राह पर है और 2022-23 में यह अमेरिका को पीछे छोड़कर लंदन का सबसे बड़ा एफडीआई स्रोत बाजार बन गया और यह क्रम 2023-24 तक जारी रहा। लंदन एंड पार्टनर्स की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लॉरा सिट्रोन ने कहा, 'भारत से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सबसे तेजी से बढ़ रहा है और पिछले दो वर्षों से यह हमारा शीर्ष बाजार रहा है।'

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी के भाव में मामूली गिरावट



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर, चांदी में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली गिरावट दर्ज की गई है। सोना 510 रुपये से लेकर 560 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। भाव में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये से लेकर 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये से लेकर 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 87,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# रवींद्र जडेजा को 12 साल बाद मिला विकेट

एजेंसी । दुबई

न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में टीम इंडिया ने अपने स्पिनर्स के दम पर बेहतरीन वापसी की। तेज गेंदबाजों के खिलाफ बिना किसी परेशानी के अच्छी शुरुआत के बाद वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने विकेटों की झड़ी लगाकर वाहवाही लूटी। मगर इन दोनों के अलावा टीम के सबसे सीनियर स्पिनर रवींद्र जडेजा ने भी अपना कमाल दिखाया और 12 साल से चले आ रहे अपने इंतजार को भी खत्म किया। जी हां, लगभग 12 साल के बाद रवींद्र जडेजा ने आईसीसी फाइनल में विकेट हासिल किया।



### 8 दिन में दूसरी बार शिकार

सिर्फ इतना ही नहीं, जडेजा ने टॉम लैथम को 8 दिन के अंदर दूसरी बार आउट किया। इससे पहले 2 मार्च को दोनों टीम के बीच हुए ग्रुप मैच में भी जडेजा ने ही लैथम को अपना शिकार बनाया था। इस टूर्नामेंट में जडेजा का ये पांचवां विकेट था। उनके विकेट की संख्या थोड़ी और बढ़ सकती थी अगर फाइनल में उनकी गेंदों पर कुछ कैच नहीं छोटे होते। जडेजा से अलग बाकी गेंदबाजों की बात करें तो इस फाइनल को लेकर हर किसी की नजरें वरुण चक्रवर्ती पर थीं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच में 5 विकेट लिए थे और फिर सेमीफाइनल में भी बेहतरीन बॉलिंग की थी। वरुण ने निराश भी नहीं किया और जिन्होंने टीम इंडिया को पहली सफलता भी दिलाई। वहीं लगातार आलोचना झेल रहे कुलदीप यादव ने भी 2 बड़े विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बैक फुट पर धकेल दिया।

### लंबे इंतजार के बाद मिला विकेट

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में इस फाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 75 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे वक्त में टॉम लैथम और डैरिल मिचेल एक दमदार साझेदारी बनाते हुए दिख रहे थे। उन्होंने टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया था। ऐसे वक्त में भारत को विकेट की जरूरत थी और ये काम किया बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा ने। पारी के 24वें ओवर में जडेजा ने अनुभवी बल्लेबाज लैथम को LBW आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। ये न्यूजीलैंड की पारी का चौथा विकेट था लेकिन जडेजा के लिए तो 12 साल बाद आया हुआ विकेट था। जी हां, टीम इंडिया के लिए पिछले करीब 13-14 साल से खेल रहे जडेजा ने पिछले 12 साल में किसी भी आईसीसी इवेंट के फाइनल में कोई विकेट नहीं लिया था। टी20 वर्ल्ड कप 2024, वनडे वर्ल्ड कप 2023, चैंपियंस ट्रॉफी 2017 और उससे पहले टी20 वर्ल्ड कप 2014 के फाइनल में जडेजा विकेट नहीं हासिल कर सके थे। संयोग से उनका पिछला विकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2013 के फाइनल में आया था, जिसे टीम इंडिया ने जीता था और वो प्लेयर ऑफ द मैच बने थे।

# टीम इंडिया ने छोड़े 11 कैच



एजेंसी । नई दिल्ली

टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में लगातार शानदार प्रदर्शन कर फाइनल तक का सफर तय किया। इस पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने अपनी गेंदबाजी के दम पर टीमों को बड़े स्कोर नहीं बनाने दिए। वहीं बल्लेबाजों ने भी तमाम मुश्किलों के बावजूद टीम को जीत दिलाने में अपना योगदान दिया। मगर इस पूरे टूर्नामेंट में टीम की फील्डिंग ने सबसे ज्यादा निराश किया और भारतीय टीम ने सबसे ज्यादा 11 कैच छोड़कर हैरान कर दिया। यहां तक कि फाइनल में भी भारतीय टीम ने कैच टपकाने में कोई कमी नहीं छोड़ी और पूरे टूर्नामेंट में अपना सबसे खराब प्रदर्शन कर सबको चौंका दिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार 9 मार्च को टूर्नामेंट के फाइनल में टीम इंडिया से फील्डिंग में सुधार की उम्मीद थी। इस टूर्नामेंट के पहले मैच से ही इस मोर्चे पर भारतीय टीम पिछड़ रही थी। मैदानी फील्डिंग तो फिर भी बेहतर नजर आ रही थी लेकिन कैच लपकने के मामले में तो बस ऐसा ही लगता रहा कि भारतीय खिलाड़ी हाथों में मक्खन लगाकर आए हैं, जिससे वो गेंद को लपक नहीं पा रहे थे। फाइनल में भी कोई सुधार नहीं दिखा, बल्कि भारतीय खिलाड़ियों ने तो अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए 4 कैच टपका दिए।

### रोहित-गिल और अय्यर ने की गलतियां

फाइनल में टीम इंडिया की ओर से टीम के कप्तान रोहित शर्मा समेत 4 अलग-अलग खिलाड़ियों ने कैच ड्रॉप किए। इसकी शुरुआत मोहम्मद शमी ने की, जब पारी के सातवें ओवर में उन्होंने अपनी ही गेंद पर रचिन रवींद्र का कैच टपका दिया। रचिन को अगले ही ओवर में एक और जीवनदान मिला और इस बार ये गलती की टीम के सबसे बेहतरीन फील्डर्स में से एक श्रेयस अय्यर ने। उन्होंने 8वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर रचिन का कैच गिराया। रचिन ने इसके बाद कुछ बड़े शॉट्स बटोरे लेकिन कुलदीप ने उनकी पारी का अंत किया। फिर 35वें और 36वें ओवर में भी टीम इंडिया ने लगातार कैच टपकाए। पहले अक्षर पटेल के ओवर में कप्तान रोहित शर्मा ने डैरिल मिचेल का थोड़ा मुश्किल कैच छोड़ा। उन्होंने एक हाथ से इसे लेने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। मिचेल तब 38 रन पर थे और 63 रन बनाकर आउट हुए। फिर अगले ओवर में ही रवींद्र जडेजा की गेंद पर शुभमन गिल ने बाउंड्री के पास ग्लेन फिलिप्स को जीवनदान दे दिया। हालांकि, फिलिप्स 2 ओवर के अंदर ही आउट हो गए।

### टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा कैच ड्रॉप

इसके साथ ही टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सबसे ज्यादा कैच ड्रॉप करने वाली टीम भी बन गई। टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट में कुल 11 कैच टपकाए। भारतीय टीम ने हर मैच में विरोधी बल्लेबाजों को जीवनदान दिए और इसमें भी 4 मुकाबलों में तो उसने हर बार कम से कम 2-2 बार कैच गिराने की गलती की। फाइनल में टीम इंडिया ने सिर्फ 4 कैच ही नहीं छोड़े, बल्कि एक रन आउट का मौका भी गंवाया, जब रवींद्र जडेजा के थ्रो पर कुलदीप यादव स्टंप्स के पास आकर गेंद लपकने के बजाए दूर खड़े होकर देखते रहे। इसके चलते कीवी टीम का विकेट गिरने से बच गया। इन जीवनदानों का फायदा उठाकर न्यूजीलैंड ने 251 रन का स्कोर खड़ा किया।

# 'गोल्डन बॉल' से चूके शमी-वरुण

- न्यूजीलैंड के गेंदबाज मैट हेनरी ने मारी बाजी



एजेंसी । दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में गोल्ड बॉल अवॉर्ड पाने से टीम इंडिया के गेंदबाज मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती चूक गए हैं। दरअसल, न्यूजीलैंड टीम के गेंदबाज मैट हेनरी ने ये अवॉर्ड अपने नाम किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज हेनरी ने टूर्नामेंट के 9वें सीज में चार मैचों में 10 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने एक बार पांच विकेट हॉल लिया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल दुबई में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में गोल्ड बॉल अवॉर्ड पाने से टीम इंडिया के गेंदबाज मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती चूक गए हैं। दरअसल, न्यूजीलैंड टीम के गेंदबाज मैट हेनरी ने ये अवॉर्ड अपने नाम किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज हेनरी ने टूर्नामेंट के 9वें सीज में चार मैचों में 10 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने एक बार पांच विकेट हॉल लिया।

### भारतीय टीम ने जीता चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया। न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। भारत ने तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 में और 50 ओवर के फॉर्मेट का खिताब जीताा है। धोनी के बाद टी20 और वनडे ट्रॉफी अपने नाम करने वाले दुनिया के और भारत के दूसरे कप्तान बने।

### गोल्डन बॉल की रेस में शामिल थे भारत के ये दो गेंदबाज

वहीं मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। दोनों गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीतने से चूक गए। दोनों ने 9-9 विकेट हासिल किए, जिसमें फाइफर शामिल है। शमी ने पांच और चक्रवर्ती ने महज तीन मैच खेले। इसके अलावा न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टूर्नामेंट में 8 विकेट अपने नाम किए हैं। जिस कारण उन्हें इस लिस्ट में तीसरा नंबर मिला है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/34 रहा। वहीं, टीम इंडिया के स्पिनर कुलदीप यादव सयुंक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने पांच मैचों में 7 विकेट अपने नाम किए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 40 रन पर 3 विकेट हैं। कुलदीप के अलावा अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई और बेन बेन ड्वार्शुइस ने भी सात-सात विकेट हासिल किए।

# फाइनल में रोहित का अनचाहा रिकॉर्ड

## लगातार 12वां टॉस हारे



एजेंसी । दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए यह टूर्नामेंट खास नहीं रहा था, लेकिन अब उन्होंने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोहित ने वनडे क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने के वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी उनकी टॉस में हार जारी रही। यह लगातार 12वां मौका था जब रोहित टॉस हारे, जिससे उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा के 1999 में बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

### न्यूजीलैंड को बड़ा झटका

कीवी कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन मैच से पहले ही न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी चोट के कारण बाहर हो गए, उनकी जगह नाथन स्मिथ को टीम में शामिल किया गया। वहीं, भारतीय टीम ने प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया।

# सानवी सोमू एमेच्योर एशिया पैसीफिक चैंपियनशिप में संयुक्त 38वें स्थान पर

एजेंसी । डा नैंग (वियतनाम)

सानवी सोमू रविवार को यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसीफिक गोल्फ चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर रहीं। सानवी ने लगातार दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाया जिससे उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा। पदार्पण कर रही भारत की 14 साल की गुंतास कौर संधू टूर्नामेंट में कट हासिल करने वाली सबसे युवा



भारतीय बनीं। उन्होंने अंतिम दौर में सात ओवर 78 के लचर प्रदर्शन के साथ कुल नौ ओवर का स्कोर बनाया और 47वें स्थान पर रहीं। भारत की मन्नत बरार ने भी अंतिम दौर में 78 का निराशाजनक स्कोर बनाया और कुल 10 ओवर के स्कोर से 48वें स्थान पर रहीं।

दस साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया जाने वाली और अब अमेरिका में कॉलेज गोल्फ खेल रहीं जीनिथ वोंग महिला एमेच्योर एशिया-पैसीफिक चैंपियनशिप जीतने वाली पहली मलेशियाई खिलाड़ी बनीं। उन्होंने अंतिम दौर में तीन अंडर 68 के स्कोर से कुल 18 अंडर के स्कोर से एक शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

# रचिन रविंद्र ने जीता गोल्डन बैट

एजेंसी । दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला 9 मार्च को दुबई क्रिकेट इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में भारत ने जीत दर्ज की और चैंपियन बन गई। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी चुनी और 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। 252 रन का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट से मैच जीत लिया। इस दिन चैंपियंस ट्रॉफी में जिन खिलाड़ियों ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया है, उन्हें पुरस्कार भी पुरस्कार प्रदान किए गए। चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को गोल्डन बैट का खिताब दिया जाता है, जबकि सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज को गोल्डन बॉल का खिताब दिया जाता है।



### फाइनल में भी किया शानदार प्रदर्शन

रचिन रविंद्र ने फाइनल मुकाबले में भी शानदार प्रदर्शन किया। रचिन ने 29 गेदों में 37 रन बनाए। अपनी पारी में रचिन ने चार चौके और एक छक्का लगाया। इस मुकाबले में रचिन रविंद्र 25 रन बनाते ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर लिए। चैंपियंस ट्रॉफी में 250 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बने।

# ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू वेड बने गुजरात टाइटंस के सहायक कोच

एजेंसी । नई दिल्ली

आईपीएल की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। इस टूर्नामेंट के आगाज से पहले गुजरात टाइटंस ने अपने टीम में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी को शामिल किया है। गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया है। गुजरात के लिए खेल चुके वेड अब कोच की भूमिका में नजर आएंगे। मैथ्यू वेड ने गुजरात के लिए 2022 और



2024 में खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था। इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल के मेगा ऑक्शन का हिस्सा नहीं बने। अब गुजरात ने उन्हें नए रोल में टीम में शामिल किया है।

गुजरात टाइटंस ने 'एक्स' पर लिखा, ''चैंपियन, फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी (गुजरात टाइटंस) के डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड।'' वेड ने आईपीएल में कुल 15 मैच खेले जिसमें से 12 में उन्होंने टाइटंस का प्रतिनिधित्व किया। वह 2022 में हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। वेड टाइटंस के कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ शामिल होंगे।

### आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटंस की पूरी टीम

शुभमन गिल, राशिद खान, साईं सुदर्शन, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, जोस बटलर, मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, वॉशिंगटन सुंदर, शेरफेन रदरफोर्ड, गेराल्ड कोएत्जे, आर साई किशोर, महिपाल लोमरोर, गुरनूर सिंह बरार, मोहम्मद अरशद खान, इशांत शर्मा, कुमार कुशाग्र, मानव सुथार, अनुज रावत, मानव सिंधु, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, करीम जनत, कुलवंत खेजूरलिया।



# 'रेस-4' में नजर आएंगे अभिनेता हर्षवर्धन राणे

आने वाले दिनों में कई बहुप्रतीक्षित फिल्मों के सीक्वल दर्शकों के बीच दस्तक देने वाले हैं। इनमें से एक है सुपरहिट फ्रैंचाइजी 'रेस' का चौथा भाग, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब से 'रेस 4' के बनने की आधिकारिक घोषणा हुई है, तब से इसे लेकर कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। जहां एक तरफ सैफ अली खान की इस फ्रैंचाइजी में वापसी से प्रशंसक उत्साहित हैं, वहीं अब फिल्म के विलेन के नाम का भी खुलासा हो गया है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

### विलेन की तलाश पूरी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'रेस 4' के लिए निर्माताओं की विलेन की तलाश आखिरकार पूरी हो गई है, और इस भूमिका के लिए अभिनेता हर्षवर्धन राणे को चुन लिया गया है। पहले खबरें थीं कि इस किरदार के लिए सिद्धार्थ मल्होत्रा को अप्रोच किया गया था, लेकिन अब ताजा अपडेट के अनुसार, हर्षवर्धन राणे को इस दमदार भूमिका के लिए फाइनल कर लिया गया है। निर्माताओं और निर्देशक का मानना है कि हर्षवर्धन इस किरदार में पूरी तरह फिट बैठेंगे।

# 'छावा' 500 करोड़ क्लब में शामिल हुई

**विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' लंबे समय से चर्चा में थी और रिलीज के पहले ही दिन इसने धमाकेदार शुरुआत की। अब 23वें दिन भी यह फिल्म टिकट खिड़की पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। भारत में इसकी कमाई 500 करोड़ रुपये के पार हो चुकी है और यह इस साल इस जादुई आंकड़े को छूने वाली पहली फिल्म बन गई है। आइए जानते हैं कि अब तक फिल्म ने देशभर में कुल कितनी कमाई की है।**

फिल्म को मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया पर विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आपके अपार प्यार के लिए धन्यवाद।' सैकनिल्क के मुताबिक 'छावा' ने चौथे हफ्ते की शुरुआत शानदार की। 22वें दिन 8.75 करोड़ रुपये का कारोबार करने के बाद, 23वें दिन इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया और फिल्म ने 16.5 करोड़ रुपये कमा लिए। इसी के साथ भारत में इसकी कुल कमाई 508.8 करोड़ रुपये हो गई है। 'छावा' 500 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली 2025 की पहली फिल्म बन गई है। 'छावा' को खासतौर पर महाराष्ट्र में जबरदस्त समर्थन मिला है, जहां इसने 'पुष्पा 2' जैसी बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह फिल्म अब विक्की कौशल के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले उनकी सबसे बड़ी हिट 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' थी, जिसने 244.14 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली



फिल्म अब तक 'छावा' बनी हुई है। माना जा रहा है कि इसे टक्कर देने का काम सिर्फ सलमान खान की 'सिकंदर' कर सकती है, जो ईद के मौके पर रिलीज होगी। इस फिल्म में विक्की कौशल ने महान छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभाया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी जैसे दमदार कलाकार भी नजर आए हैं।

## आईफा अवार्ड्स 2025

# 'पंचायत' का जलवा, 'अमर सिंह चमकीला' बनी बेस्ट फिल्म

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (आईफा) 2025 का भव्य आयोजन इस साल जयपुर, राजस्थान में हो रहा है, जहां बॉलीवुड की कई दिग्गज हस्तियां जुटीं। हाल ही में आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं की घोषणा की गई। इस साल वेब सीरीज 'पंचायत' ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का दिल जीता, वहीं फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के निर्देशक इम्तियाज अली ने भी इस समारोह में खास पहचान बनाई।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और अभिनेत्री का खिताबआईफा डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 में कृति सैनन को उनके होम प्रोडक्शन की फिल्म 'दो पत्ती' में दमदार अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार



मिला। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) का खिताब विक्रांत मैसी ने 'सेक्टर 36' में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जीता। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान 'अमर सिंह चमकीला' के लिए इम्तियाज अली को दिया गया। सहायक भूमिकाओं में अनुप्रिया गोयनका ने बर्लिन और दीपक डोबरियाल ने 'सेक्टर 36' के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया।

'पंचायत 3' का जलवाआईफा डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 में 'पंचायत 3' का दबदबा देखने को मिला। इस वेब सीरीज ने सबसे अधिक और विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। 'पंचायत 3' को सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज का अवॉर्ड मिला, जबकि इसके निर्देशक दीपक कुमार ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब जीता।

- सर्वश्रेष्ठ लीड एक्ट्रेस (वेब सीरीज) – श्रेया चौधरी (बैंडिट बैंडिट्स सीजन 2)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री (वेब सीरीज) – संजीदा शेख (हीरामंडी)
- सर्वश्रेष्ठ ओरिजिनल स्टोरी (वेब सीरीज) – कोटा फैक्ट्री सीजन 3
- सर्वश्रेष्ठ रियलिटी या नॉन-स्क्रिप्टेड शो – फैबुलस लाइव्स वर्सेज बॉलीवुड वाइव्स
- सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री/डॉक्यू-फिल्म – यो यो हनी सिंह: फेमस
- सर्वश्रेष्ठ टाइटल ट्रैक – अनुराग सैकिया (मिसमैच्ड सीजन 3 – 'इश्क है')

न्यूज़ ब्रीफ

### वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का समर्थन : मौलाना मदनी

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों द्वारा बुलाए गए विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर किया जा रहा है। मदनी ने कहा कि अगर यह विधेयक पारित हुआ तो जमीयत उलेमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां उच्च न्यायालयों में इसे चुनौती देंगी और जरूरत पड़ने पर सर्वोच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया जाएगा। उन्होंने 13 मार्च को जंतर-मंतर पर प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

### खेलते समय दुपट्टा बन गया फंदा, गला घुटने से कारोबारी के बेटे की मौत

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के कंचनपुर घोपला गांव में शुक्रवार शाम सीढ़ी पर बंधे दुपट्टे से खेलते समय फंदा बन गया। इसमें गला घुटने से किशोर की मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कंचनपुर घोपला निवासी नीरज कुमार बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार करते हैं। उनका बड़ा बेटा 13 वर्षीय मंयक कुमार घर में खेल रहा था। इस दौरान वह सीढ़ी पर बंधे दुपट्टे पर झूलने लगा। अचानक ही दुपट्टे का फंदा बन गया और मयंक का गला घुट गया। उस समय परिजन घर में नहीं थे। जब तक परिजन वापस आए, मयंक की मौत हो चुकी थी। उसका शव दुपट्टे के फंदे से लटका था। शव देखते ही परिजनों की चीख निकल गई।

### बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरनी एकादशी पर रहेगा डायवर्जन

**मथुरा।** श्रीधाम वृंदावन में सोमवार को रंगभरनी एकादशी पर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर में होली रंगोत्सव का भव्य आयोजन होगा। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार रात आठ बजे से ही विशेष यातायात डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया, जो कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छटीकरा से वृंदावन जाने वाले सभी कमर्शियल और भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे, छटीकरा-वृंदावन मार्ग पर मल्टीलेवल पार्किंग से आगे किसी भी वाहन का प्रवेश नहीं होगा, वैष्णो देवी पार्किंग से वृंदावन की ओर बड़ी और छोटी बसों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

ओवैसी का बीजेपी और बीआरएस पर हमला

# तेलंगाना के विकास की कोई परवाह नहीं



एजेंसी । हैदराबाद

**तेलंगाना सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय सांसदों की बैठक में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और भारत राष्ट्र समिति (BRS) के सांसदों के शामिल न होने पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के विकास को लेकर इन दलों की कोई गंभीरता नहीं है। ओवैसी ने कहा, बैठक में राज्य के सभी सांसदों को बुलाया गया था, लेकिन बीजेपी के 8 सांसदों और 2 केंद्रीय मंत्रियों में से कोई भी नहीं आया। बीआरएस के सांसदों ने भी इसमें शिरकत नहीं की। इससे साफ है कि इन दलों को तेलंगाना की प्रगति की कोई चिंता नहीं है।**

### केंद्र पर भेदभाव का आरोप

ओवैसी ने कहा कि हैदराबाद में यातायात सुधारने के लिए जरूरी RRR रोड को अब तक केंद्र सरकार की मंजूरी नहीं मिली है। इसके अलावा, मेट्रो प्रोजेक्ट, मूसी रिवरफ्रंट विकास, और शहरी सीवरेज मास्टर प्लान जैसे कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केंद्र ने ठंडे बस्ते में डाल रखा है। उन्होंने सवाल उठाया, असम, केरल, मेघालय, पंजाब और झारखंड में आईपीएस अधिकारियों की संख्या अधिक है, लेकिन तेलंगाना सरकार के आईपीएस कैडर बढ़ाने के अनुरोध को अब तक मंजूरी नहीं दी गई।

### कई प्रोजेक्ट्स को मंजूरी नहीं दे रहा केंद्र

अटकी मेट्रो परियोजना को लेकर ओवैसी ने आगे कहा, "केंद्र तेलंगाना के लोगों के साथ उचित व्यवहार नहीं कर रहा है। 24 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली मेट्रो रेल के 5 कॉरिडोर भी अभी तक लंबित हैं। 11 हेरिटेज पुलों के साथ मूसी रिवरफ्रंट पर बापू घाट के विकास को केंद्र से कोई मदद नहीं मिल सकी है। शहरी विकास मंत्रालय को एक व्यापक सीवरेज मास्टर प्लान भी दिया गया है, लेकिन उन्होंने इसे भी मंजूरी नहीं दी है।" ओवैसी ने कहा, "असम, केरल, मेघालय, पंजाब और झारखंड में अधिक भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी हैं, जबकि अधिक IPS कैडर की भर्ती करने के तेलंगाना की सरकार के अनुरोध को अभी तक मंजूरी नहीं मिल सकी है।" उन्होंने आगे कहा, "खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने भी RRR रोड के पूरा होने की बात कही, लेकिन कुछ नहीं हुआ। तेलंगाना का विकास देश के लिए बहुत अहम है।

### उपमुख्यमंत्री का भी केंद्र पर निशाना

बैठक में मौजूद उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने बताया कि तेलंगाना से जुड़े 28 विकास और प्रशासनिक प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। उन्होंने बीजेपी और बीआरएस सांसदों पर निशाना साधते हुए कहा कि वे इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

### दूसरी बैठक की संभावना

बैठक में शामिल कांग्रेस और एआईएमआईएम सांसदों ने केंद्र सरकार से तेलंगाना के विकास कार्यों में तेजी लाने की मांग की। वहीं, उपमुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि बीजेपी सांसदों की सुविधानुसार एक और बैठक आयोजित की जा सकती है ताकि वे अपनी राय रख सकें।

# फतवा जारी करने वालों का इलाज सरकार कर रही है : बीजेपी

एजेंसी । गाजियाबाद



गाजियाबाद की लोनी विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। एक बार फिर से वो अपने बयान को लेकर चर्चा में आ गए। बागपत के भगौट गांव में आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे विधायक ने कई मुद्दों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। इस दौरान उन्होंने होली पर दिए गए संभल के सीओ के बयान का समर्थन किया, साथ ही क्रिकेटर शमी के रोजा न रखने पर भी टिप्पणी की।

उन्होंने कहा कि संभल के सीओ अनुज चौधरी ने सही बात कही है। होली एक ऐसा त्योहार है जिसे मिल-जुलकर मनाया जाता है। विधायक ने कहा कि अगर किसी को रंग लगने से अपनी आस्था को ठेस पहुंचने का डर है, तो उसे त्योहार के दिन घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए उन्हें घर पर ही रहना चाहिए।

### 'फतवा जारी करने वालों का इलाज सरकार कर रही'

वहीं विधायक नंद किशोर गुर्जर ने रमजान में क्रिकेटर मोहम्मद शमी के रोजा न रखने और मैदान में पानी पीने पर फतवा जारी होने पर कहा कि मौलाना बकवास कर रहे हैं। ऐसे मौलाना जो फतवे जारी करते हैं और शरीयत को मानते हैं, उन्हें सऊदी अरब चले जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां ऐसे फतवा जारी करने वालों का इलाज सरकार कर रही है।

### AMU में होली को लेकर विधायक की तल्ख टिप्पणी

इसके साथ ही होली के मौके पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (AMU) में होली खेलने की इजाजत न मिलने पर उठे सवाल पर विधायक ने तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि किसी की इतनी औकात नहीं है कि वह हमारी परंपराओं पर सवाल खड़ा करे। विधायक ने कहा कि ये योगी की सरकार है, यहां जिसे जो भाषा समझ में आती है, उसे उसी भाषा में समझाया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले बड़े-बड़े लोगों के नाम से धरती हिलती थी, कोई अहमद तो कोई अंसारी होता था, लेकिन अब ऐसे लोगों की गलतफहमी योगी सरकार ने दूर कर दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अब भी गलतफहमी में है तो उसका दिमाग जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा।

# महिलाओं को डर के साये में नहीं रहना चाहिए: रेखा गुप्ता



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और बिना डर के आगे बढ़ने का संदेश दिया। रविवार (9 मार्च) को एक कार्यक्रम में उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ताओं और पैरालिंपियन सहित सात महिलाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर उनके साथ उपराज्यपाल वी। के। सक्सेना भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के तहत एक अखबार द्वारा महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसे सीएम और उपराज्यपाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कॉनॉट प्लेस में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने बाइक सवार महिलाओं की सराहना करते हुए उन्हें सशक्तिकरण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि ये महिलाएं उन लोगों को गलत साबित कर रही हैं, जो मानते हैं कि महिलाएं कुछ काम नहीं कर सकतीं।

### 'दिल्ली की सड़कों पर आत्मनिर्भरता की नई लहर'

सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर इस आयोजन की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'दिल्ली की सड़कों पर आत्मनिर्भरता और जोश की नई लहर!' उन्होंने लिखा कि उपराज्यपाल वी। के। सक्सेना के साथ इस आयोजन में शामिल होकर राजधानी की ऊर्जा और आत्मविश्वास को करीब से महसूस किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन उमंग और सकारात्मकता को बढ़ाते हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम साबित होते हैं।

### 'बाइक रैली महिलाओं के साहस का प्रतीक'



उपराज्यपाल वी। के। सक्सेना ने कहा कि यह बाइक रैली महिलाओं के साहस का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और कई क्षेत्रों में उनसे आगे भी निकल रही हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही, जो महिलाओं की बढ़ती जागरूकता और सशक्तिकरण का संकेत है।

# एडीसी को 'छोटे लोगों का बड़ा बैंक' बनाया : शाह



एजेंसी । अहमदाबाद

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में रविवार को अहमदाबाद के जेतलपुर में अहमदाबाद जिला सहकारी (एडीसी) बैंक का स्वर्णिम शताब्दी समापन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर शाह ने कहा कि यह 'छोटे लोगों का बड़ा बैंक' है। उन्होंने एडीसी बैंक की ओर से 'बी अवेयर, बी सिक्योर' मंत्र के साथ शुरू किए जा रहे साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी पायलट प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया और जेतलपुर सेवा सहकारी मंडली के सुपर मॉल का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। अहमदाबाद जिला सहकारी (एडीसी) बैंक के शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, '25 वर्ष पहले एडीसी बैंक घाटे में चल रहा था, तब किसानों और पशुपालकों ने मुझ पर विश्वास व्यक्त कर बैंक का चेयरमैन बनाया था। उस वक्त सभी के सहयोग और सुचारु आयोजन से बैंक केवल एक ही वर्ष में घाटे की भरपाई कर मुनाफा दर्ज करने वाला बैंक बन गया।

कठुआ मर्डर केस

# बंद-प्रदर्शन के बीच एलजी ने दिए जांच के आदेश

एजेंसी । कठुआ




बिलावर कठुआ के लोहाई मल्हार में तीन नागरिकों की हत्या के विरोध में रविवार को बिलावर और बनी क्षेत्र में बंद रहा। महानपुर से धार रोड तक लोगों ने आतंकवाद और इसके समर्थकों के खिलाफ प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए गहन जांच के आदेश दिए और कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### हत्या के बाद तनाव, विरोध प्रदर्शन

तीन नागरिक, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल था, तीन दिनों से लापता थे। शनिवार को उनके शव ऊपरी पहाड़ियों में एक जल नहर के पास मिले। इस घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया और लोगों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन किया।

### नेता विपक्ष सुनील शर्मा का दौरा

विधानसभा में नेता विपक्ष सुनील शर्मा ने बिलावर पहुंचकर कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का संदेश साफ है–आतंकवाद को किसी भी कीमत पर खत्म किया जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए मुआवजा और नौकरी की मांग की।

# 'डिजिटल अरेस्ट' से ठगी करने वाले 4 गिरफ्तार

### 44.50 लाख की ठगी का मामला

एजेंसी । नई दिल्ली

खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए 44.50 लाख रुपये ठगने वाले चार साइबर अपराधियों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह ठगी का मामला तब सामने आया जब मयूर विहार निवासी वीरेंद्र कुमार इंदौरा ने 29 जनवरी को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित को फोन कर आरोपियों ने उसे आपराधिक गतिविधियों में फंसाने की धमकी दी और गिरफ्तारी से बचने के लिए पैसे ट्रांसफर करने को मजबूर किया। जांच में पता चला कि यह रकम जयपुर निवासी दिनेश सिंघाड़िया के खाते में ट्रांसफर हुई थी।



### जयपुर से गिरफ्तारी

दिल्ली पुलिस ने 5 मार्च को जयपुर में छापेमारी कर दिनेश सिंघाड़िया को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने प्रशांत वर्मा, प्रकाश चौधरी, गजेंद्र कुमार और महेश नेहरा की संलिप्तता उजागर की। इसके बाद प्रशांत वर्मा, प्रकाश चौधरी और गजेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों से जुड़े हुए थे।

# संसद सत्र: विपक्ष-सरकार आमने-सामने, हंगामे के आसार

एजेंसी । नई दिल्ली



बजट सत्र का यह चरण 4 अप्रैल तक चलेगा

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत सोमवार से हो रही है, जिसमें सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है। विपक्ष ने मतदाता सूचियों में कथित हेरफेर, मणिपुर हिंसा और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के संबंधों को लेकर सरकार को घेरने की योजना बनाई है। वहीं, सरकार का फोकस बजटीय प्रक्रिया पूरी करने, मणिपुर के लिए अनुमोदन प्राप्त करने और वक्फ संशोधन विधेयक पारित कराने पर होगा। गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए

### विपक्ष के मुद्दे और रणनीति

विपक्ष मतदाता पहचान पत्र में कथित अनियमितताओं को लेकर सरकार पर हमलावर रहेगा। टीएमसी ने इस मुद्दे को उठाया, जिसके बाद चुनाव आयोग ने सुधारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, कांग्रेस और अन्य दल चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाने की तैयारी में हैं।

### वक्फ संशोधन विधेयक पर सरकार की प्राथमिकता

सरकार वक्फ संशोधन विधेयक को जल्द पारित कराने पर जोर दे रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय से जुड़े कई मुद्दों का समाधान करेगा। हालांकि, विपक्षी दल इस विधेयक का विरोध करने की रणनीति बना रहे हैं।

# व्हाइट हाउस के पास फायरिंग करने वाले शख्स को सीक्रेट सर्विस ने मारी गोली

एजेंसी । वाशिंगटन

अमेरिका के वाशिंगटन में व्हाइट हाउस के पास रविवार आधी रात को अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने एक शख्स को गोली मार दी। इस घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा में थे। सीक्रेट सर्विस के मुताबिक, यह 'सशस्त्र टकराव' तब हुआ जब अधिकारियों को शख्स के बारे में पता चला कि वह 'आत्मघाती' था। सूत्रों के मुताबिक, यह शख्स इंडियाना से आया था। रिपोर्ट के मुताबिक, लोकल पुलिस से जानकारी मिलने के बाद सीक्रेट सर्विस को इस शख्स की कार और उसी के जैसा मिलता-जुलता एक शख्स व्हाइट हाउस के पास दिखाई दिया था।




### सीक्रेट सर्विस ने शख्स पर चलाई गोली

बताया जा रहा है कि जब सीक्रेट सर्विस के अधिकारी शख्स के पास पहुंचे और उसके बारे में पूछा तो उसने अधिकारियों को बंदूक दिखाई। अभी स्पष्ट नहीं है कि शख्स ने अधिकारियों पर गोली चलाने की कोशिश की थी या नहीं, लेकिन कहा जा रहा है कि इसके बाद मुठभेड़ हुए और अधिकरियों ने शख्स को गोली मार दी। सीक्रेट सर्विस ने बताया कि उसके अधिकारी ने शख्स को गोली मारी।

### घायल शख्स को अस्पताल ले जाया गया

घटना के बाद घायल शख्स को अस्पताल ले जाया गया, हालांकि उसकी स्थिति के बारे में ज्यादा कुछ जानकारी नहीं दी गई है। घटना में कोई अन्य शख्स घायल नहीं हुआ। यह टकराव व्हाइट हाउस से एक ब्लॉक की दूरी पर हुआ था। सीक्रेट सर्विस ने कहा कि पूरे मामले की जांच मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग करेगी, क्योंकि इस घटना में कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल थे।

# अकाली दल में बगावत पर कड़ा रुख

▸▸ बिक्रम मजीठिया समेत कई नेताओं को कारण बताओ नोटिस

एजेंसी । अमृतसर

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) में आंतरिक कलह गहराने के बाद पार्टी ने सख्त रुख अपनाते हुए बगावत करने वाले नेताओं पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी की संसदीय दल की बैठक में निर्णय लिया गया कि पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इसमें वरिष्ठ नेता बिक्रम मजीठिया सहित कई अन्य नेता शामिल हैं।




### जत्थेदार को हटाने के फैसले से मचा घमासान

हाल ही में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) द्वारा बदले जाने के फैसले ने पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ा दिया है। इस निर्णय को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं ने नाराजगी जताई है। एसजीपीसी की अंतरिम समिति की बैठक के दौरान उठाए गए इस कदम ने अकाली दल में अंदरूनी दरार को उजागर कर दिया है।

### इस्तीफों का सिलसिला जारी

एसजीपीसी के इस विवादास्पद फैसले के कारण शिअद के हरियाणा इकाई समेत कई नेताओं ने इस्तीफे दे दिए हैं। इनमें हरियाणा इकाई के अध्यक्ष शरणजीत सिंह सहोता, महासचिव सरबजोत सिंह सब्बी, युवा अकाली दल के कैथल अध्यक्ष कुलदीप सिंह चीमा सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

### सुखबीर सिंह बादल की नेतृत्व क्षमता पर सवाल

शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल के लिए यह संकट बड़ी चुनौती बन गया है। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के इस्तीफे के बाद संगठन नेतृत्वविहीन हो गया है। 28 मार्च को होने वाला एसजीपीसी का बजट सत्र इस मुद्दे पर अहम साबित हो सकता है। बिक्रम मजीठिया सहित कई नेताओं ने जत्थेदार को हटाने के फैसले का कड़ा विरोध किया है, जिससे पार्टी में फूट और बढ़ गई है।

### शिअद की गिरती साख

कभी पंजाब की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाली शिरोमणि अकाली दल 2022 विधानसभा चुनावों में केवल तीन सीटें ही जीत पाई थी। अब उसके पास सिर्फ दो विधायक बचे हैं। विधायक मनप्रीत अयाली और गनीव कौर मजीठिया ने भी पार्टी के फैसलों पर असहमति जताई है।

### तेलंगाना एमएलसी चुनाव : कांग्रेस ने तीनों उम्मीदवारों के नाम किए घोषित

**हैदराबाद।** कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में एमएलसी की पांच सीटों के लिए होने वाले चुनाव में अपने तीन उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। राज्य में एमएलसी चुनाव में कांग्रेस ने एक सीट अपने सहयोगी दल सीपीआई को देने का फैसला किया है। रविवार को कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राज्य की एमएलसी के चुनाव में तीन सीटों के लिए अद्दांकी दयाकर, शंकर नायक और प्रसिद्ध तेलुगु फिल्म अभिनेत्री विजयशांति को टिकट दी गई है। कांग्रेस ने एक सीट के लिए सीपीआई के लिए छोड़ दी है।कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार सोमवार को अपना नामांकन करेंगे।

# ओंकारेश्वर में बनेगा भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर: मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव

एजेंसी । भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने रविवार को ओंकारेश्वर में ब्रह्मपुरी घाट पर माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना कर ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव का जलाभिषेक किया। उन्होंने घोषणा की कि ओंकारेश्वर में भव्य ज्योतिर्लिंग मंदिर का निर्माण किया जाएगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्च के बाद तीर्थ स्थलों पर शराब की दुकानों को बंद किया जाएगा। उन्होंने जल के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नदियाँ धरती की धमनियों की तरह हैं और इन्हें स्वच्छ रखना आवश्यक है। उन्होंने माँ नर्मदा परिक्रमा यात्रियों के लिए सुविधाएँ बढ़ाने और नर्मदा तटों पर घाट निर्माण की योजना की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्वच्छता के माध्यम से विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता जताई।

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने केमिकल मुक्त खेती और जैविक खेती को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने गौ-पालन को बढ़ावा देने की जरूरत पर भी जोर दिया ताकि दूध उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टियों से स्मृति चिन्ह प्राप्त किया और कन्याओं व बटुकों को फल भेंट कर उनके साथ भोजन किया। कार्यक्रम में कई संत-महात्मा, विधायकों और अधिकारियों की उपस्थिति रही।